संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 96 गुरूवार 06 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली का मतदान सम्पन्न






- दिल्ली में वोटिंग के दौरान सीलमपुर में भारी हंगामा
- भाजपा ने लगाया बुर्के की आड़ में फर्जी वोटिंग का आरोप
- अर्द्धसैनिक बलों की 220 कंपनियां तैनात रहीं...
- करीब 300 पोलिंग बूथ संवेदनशील थे घोषित

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आज मतदान का दिन है। सभी 70 सीटों पर एक ही चरण में वोटिंग पूरी हो चुकी है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है। मतगणना 8 फरवरी, शनिवार को होगी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आज राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस समेत कई वरिष्ठ मंत्रियों और उद्योगपतियों ने भी वोट डाले. सुबह से ही नेताओं में वोट डालने की उत्सुकता देखी गई लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अंदाज लोगों को खूब पसंद आया। हां, सोशल मीडिया पर 2 मिनट का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि आम आदमी की तरह उपराष्ट्रपति भी लाइन में लगे हैं और आसपास के लोगों से बात कर रहे हैं। वह वोट डालने आई एक नौजवान वोटर से बात कर उसका हौसला बढ़ाते दिखे। बाद में पीछे मुड़कर एक महिला से भी हालचाल लिया।

उनके इस तरह सभी से बात करने का अंदाज लोगों को खूब पसंद आया। लाइन में लगे बाकी लोग भी मुस्कुरा रहे थे। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि जब कोई बड़ी हस्ती वोट डालने पहुंचता है तो उसे सीधे एंट्री मिल जाती है और कड़ी सुरक्षा के कारण आम लोगों को बात करने या पास जाने का मौका भी नहीं मिलता।

आज उपराष्ट्रपति धनखड़ अपनी पत्नी के साथ नॉर्थ एवेन्यू पोलिंग बूथ पर वोट डालने पहुंचे थे। आसपास तमाम सुरक्षाकर्मी मुस्तैद थे लेकिन धनखड़ लाइन में लग गए। वह पत्नी से बात कर रहे थे। साथ ही वोट डालकर निकलते लोगों का अभिवादन भी स्वीकार कर रहे थे। तभी उनकी नजर एक युवा लड़की पर पड़ी। उन्होंने रोकते हुए पूछ लिया- कौन सी क्लास में पढ़ती हो बेटा? लड़की के जवाब पर वेरी गुड कहा। आगे पूछा कि पहली बार वोट कर रही हो? तो युवा वोटर ने कहा कि नहीं, दूसरी बार. उपराष्ट्रपति मुस्कुराए और फोटोग्राफरों की तरफ मुंह करके पूछा कि बताइए वोट डालने के बाद कैसा लग रहा है?

सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए शहर भर में भारी सुरक्षा की गई थी। चुनाव आयोग ने अर्धसैनिक बलों की 220 कंपनियों, 35,626 दिल्ली पुलिस कर्मियों और 19,000 होम गार्ड को तैनात किए थे। लगभग 3,000 मतदान बूथों को संवेदनशील माने गए थे। यहां ड्रोन निगरानी जैसे विशेष उपाय किए गए थे।

मतदान के दौरान आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को वोट डालने से रोक रही है। सौरभ के मुताबिक, इसमें दिल्ली पुलिस को भी शामिल किया गया है।

सीलमपुर क्षेत्र में हंगामा हो गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी बुर्के की आड़ में फर्जी वोट करवा रही है। मौके पर हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक अब हालात काबू में है।

### अमानतुल्ला खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

दिल्ली पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमानतुल्ला खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एक वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई की, जिसमें आप नेता को कथित तौर पर चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र (ओखला) में अपने समर्थकों के साथ घूमते देखा गया था।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर बुधवार शाम 5 बजे तक 57.70 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। मतदान का वक्त 6 बजे खत्म हो चुका है

अरविंद केजरीवाल सपरिवार नई दिल्ली विधानसभा सीट के एक बूथ पर मतदान करने पहुंचे। इस दौरान उनके माता-पिता व्हीलचेयर पर थे। इसी तरह प्रियंका वाड्रा भी अपने पति रॉबर्ट वाड्रा के साथ मतदान करने पहुंचीं।

दोपहर 1 बजे तक 33.31 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। इससे पहले सुबह 11 बजे तक 19.95 फीसदी और 9 बजे तक 8.10त्न मतदान हुआ था। उत्तर पूर्वी दिल्ली इलाका उन इलाकों में शामिल है जहां ज्यादा वोटिंग हुई है। यहां 2020 के दंगा हुआ था। दिल्ली के अन्य इलाकों की अपेक्षाकृत यहां अधिक मुस्लिम आबादी है।

सुबह जल्दी मतदान करने वालों में संदीप दीक्षित और अलका लांबा शामिल रहे। राहुल गांधी ने सुबह करीब 8.15 बजे मतदान दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इसी समय मतदान किया।

दिल्ली में इस बार भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा रहा, क्योंकि राजनीति को साफ करने का दावा करके सत्ता पाने वाली आम आदमी पार्टी और उसके कर्ता धर्ता अरविंद केजरीवाल पर ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी और भाजपा खुलकर एक दूसरे के खिलाफ नजर आए। वहीं कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने भी केजरीवाल पर हमला किया। हालांकि कांग्रेस का रुख थोड़ा सॉफ्ट नजर आया।

वोट डालने के बाद दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। दिल्ली की जनता विकसित दिल्ली के लिए वोट करने जा रही है। दिल्ली में अपनी हार स्वीकार कर अरविंद केजरीवाल गुंडागर्दी कर रहे हैं।

नई दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा, एक मतदाता होने के नाते मैंने देखा है कि कौन सा विधायक मेरे क्षेत्र में काम करेगा, कौन सी पार्टी अच्छी सरकार बनाएगी। मतदाताओं ने अपना मन बना लिया है और लोग उन महिलाओं को याद कर रहे हैं जिन्होंने दिल्ली को बनाया।

## दिल्ली चुनाव में वोटिंग के बीच अन्ना हजारे बोले- केजरीवाल स्वार्थी इसलिए छोड़ा साथ

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रही वोटिंग के बीच सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मैं आज एक बात बताना चाहता हूं कि शुरुआत में अरविंद मेरे साथ आया था और उस दौरान उनकी नीयत साफ थी। वह सामाजिक और राष्टीय दृष्टिकोण से सोचते थे, इसलिए मुझे लगा कि वह एक अच्छा कार्यकर्ता है। हालांकि, जब मुझे पता चला कि वह (केजरीवाल) स्वार्थी हैं, तो मैंने उन्हें अपने साथ से हटा दिया। शुरुआत में तो केजरीवाल के विचार अच्छे थे और उस दौरान तो वह किसी दल के बारे में भी नहीं सोचते थे। मगर अब वह शराब की बात कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, जिस शराब के लिए हम लोगों ने आंदोलन किया, उसके बारे में वह अब बात कर रहे हैं। केजरीवाल पहले अच्छे आदमी थे, मगर अब वह गलत राह पर हैं। मैं सभी लोगों से अपील करूंगा कि वे किसी से पैसा लेकर वोटिंग न करें और सोच-समझकर ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।



## मिल्कीपुर उपचुनाव, सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने घर पर की पूजा



### बीजेपी पर लगाया चुनाव प्रभावित करने का आरोप

अयोध्या, उत्तर प्रदेश मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान के दिन समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने आवास पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने इसे अपनी आस्था का हिस्सा बताया और कहा कि वे हमेशा से ऐसा करते आए हैं।

### सपा और बीजेपी के उम्मीदवार आमने-सामने

समाजवादी पार्टी ने अजीत प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने चंद्रभान पासवान को मैदान में उतारा है।

## देश की सुप्रीम कमांडर ने किया मतदान

नई दिल्ली= राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए मतदान किया। उन्होंने सुबह 9 बजे राष्ट्रपति भवन परिसर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।



## पूर्व मुख्यमंत्री परिवार सहित मतदान करने पहुंचे,माता पिता दिखे व्हीलचेयर पर

### आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने परिवार संग डाला वोट,नई दिल्ली सीट पर कड़ी टक्कर



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और माता-पिता गोविंद राम केजरीवाल एवं गीता देवी के साथ लेडी इरविन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर मतदान किया।आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लेडी इरविन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपना वोट डाला। उनके माता-पिता, पत्नी और पुत्र ने भी यहां मतदान किया।

## सीलमपुर में बुर्के को लेकर बवाल तो यहां आप ने लगाया पैसा बांटने का आरोप

देश की राजधानी दिल्ली के 70 विधानसभा में आज एक ही चरण पर मतदान हो रहा है। सुबह से ही मतदाताओं में बड़ा ही उत्साह देखने को मिल रहा है। तो वहीं राजनीतिक पार्टियों में आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी बीच जंगपुरा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनीष सिसोदिया ने बड़ा आरोप लगाया है। मनीष सिसोदिया का आरोप है कि बीजेपी महिलाओं को पैसा बांट रही है। आरोप लगाया कि यहां महिलाओं को पैसे बांटे जा रहे हैं। बिल्डिंग के बाहर बीजेपी के पोलिंग एजेंट्स ने अपनी टेबल लगा रखी थी और दिल्ली पुलिस के कुछ जवान भी तैनात थे। जंगपुरा विधानसभा में नियमों के खिलाफ़ जाकर पुलिस की देखरेख में बीजेपी ने बूथ पर एक्स्ट्रा टेबल लगाई हुई थी। उन्होंने दावा किया कि इसी बूथ के पीछे घर में पैसे बांटे जा रहे थे। मनीष सिसोदिया खुद मौके पर पहुंचे। उनके और आप कार्यकर्ताओं के भारी विरोध पर बूथ से टेबल तो हटवाई गई लेकिन चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस ने घर में पैसे बाँटने के मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया।



## महत्वपूर्ण खबर

### त्रिवेणी संगम में पीएम ने लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज,05 फरवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के अवसर पर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने संगम में स्नान के बाद मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### राष्ट्रपति पर टिप्पणी के मामले में सोनिया गांधी-राहुल गांधी के खिलाफ रांची के थाने में शिकायत



**रांची,05 फरवरी 2025(ए)।** संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर रांची के एससी-एसटी थाने में लिखित शिकायत दी गई है. रांची की नामकुम की रहने वाली अंजली लकड़ा की ओर से दी गई इस शिकायत में कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदाय का अपमान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है

### तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में शामिल 18 कर्मचारियों पर कार्रवाई



**आंध्र प्रदेश,05 फरवरी 2025(ए)।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में कार्यरत 18 कर्मचारियों पर गैर-हिंदू धार्मिक परंपराओं का पालन करने के आरोप में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। टीटीडी के अध्यक्ष बी.आर. नायडू के निर्देश पर अधिकारियों ने इन कर्मचारियों की पहचान की और उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि वे टीटीडी के धार्मिक कार्यक्रमों, त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेते हुए गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भी संलिप्त पाए गए हैं। टीटीडी बोर्ड ने इस मामले में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि ऐसे कर्मचारियों को या तो सरकारी विभागों में स्थानांतरित किया जाएगा, या फिर उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा। यह निर्णय टीटीडी द्वारा अपने मंदिरों और धार्मिक गतिविधियों की आध्यात्मिक पवित्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टीटीडी का यह कदम धार्मिक संस्थाओं में कर्मचारियों के आचरण और कार्य संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## नशे में प्लेन उड़ाने पहुंचा पायलट



### यात्रियों की जान जोखिम में डालने की कोशिश

**जयपुर ,05 फरवरी 2025(ए)।** जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह एक ऐसा वाकया सामने आया, जिसने सुरक्षा के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। एक चार्टर विमान के पायलट को ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में नशे में पाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पायलट को विमान उड़ाने से रोक दिया।यह चार्टर विमान, जो दिल्ली की एक निजी कंपनी का था, जयपुर से हैदराबाद के लिए सुबह 9:30 बजे उड़ान भरने वाला था। पायलट सुबह 9:15 बजे फाइनल सिक्योरिटी चेक के लिए पहुंचा, जहां नियमित ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के दौरान उसकी हालत संदिग्ध पाई गई। टेस्ट रिपोर्ट में अल्कोहल की मात्रा मिलने पर उसे तुरंत ड्यूटी से हटा दिया गया।इस घटना के चलते हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को लगभग दो घंटे की देरी का सामना करना पड़ा। जैसे ही यह खबर यात्रियों तक पहुंची, उनमें घबराहट और गुस्सा देखा गया। एयरलाइंस कंपनी ने स्थिति को संभालते हुए जल्द ही एक वैकल्पिक पायलट की व्यवस्था की और विमान को रवाना किया।



## महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे पाकिस्तानी

### भारत सरकार ने दिया 10 दिन का वीजा

**प्रयागराज,05 फरवरी 2025(ए)।**

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। देश विदेश से करोड़ों लोग गंगा में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब पाकिस्तानी भी कुंभ में स्नान करेंगे। कराची स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य सेवक महंत राम नाथ महाराज सोमवार को अटारी सीमा से भारत पहुंचे।

पाकिस्तान में करीब 20 लाख हिंदू रहते हैं। उन्होंने भारत सरकार से अपने प्रियजनों की अस्थियों को प्रवाहित करने की आज्ञा मांगी थी। इसके तहत 2022 में पाकिस्तानी हिंदू परिवारों को गंगा में अस्थियां प्रवाहित करने के लिए स्पांसरशिप पॉलिसी लागू की गई थी। इस बार 480 हिंदुओं की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने के लिए लाई गई हैं। महंत रामनाथ पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में मृत्यु को प्राप्त हुए 480 हिंदुओं की अस्थियां मोक्ष प्राप्ति के लिए भारत लेकर आए हैं। महंत ने बताया कि वह अस्थियों को हरिद्वार में विधि विधान से विसर्जित करने के बाद प्रयागराज में कुंभ स्नान भी करेंगे।



## चारधाम के पुजारियों के साथ पीएम मोदी की भेंट

### भाजपा लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने किया ट्वीट, दी जानकारी

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025 (ए)।** भाजपा लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा -आज उत्तराखंड के चारधाम के पुजारियों के साथ माननीय प्रधानमंत्री से भेंट की। पुजारियों ने प्रधानमंत्री को धामों के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया कि ऑल-वेदर रोड, धामों के सौंदर्यीकरण की योजनाएं और पर्यटक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से तीर्थ स्थलों की भव्यता बढ़ी है। पुजारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के कारण हमारे पवित्र स्थान सनातन आस्थाओं के अनुरूप विकसित हो रहे हैं। यह पौराणिक परंपराओं के पुनर्स्थापना का स्वर्ण युग है। हमारे देवी-देवता आपको शक्ति प्रदान करें, आपके नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र के सिंहासन पर आरूढ़ हो।

## संपादकीय

### सीबीएसई का फैसला निःसंदेह महत्वपूर्ण पहल

अगले महीने से होने जा रही 10 वीं और 12 वीं बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का फैसला निस्संदेह महत्त्वपूर्ण पहल है।बोर्ड ने फैसला किया है कि अगर किसी परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर डाला तो उसकी चार वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। यानी उस परीक्षार्क्षी का मौजूदा पेपर तो रद्द होगा ही, साथ ही उसे अगले तीन वर्ष की परीक्षाओं में बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दरअसल, बोर्ड की ऐसी सख्ती वक्त की मांग है। कई बार से ऐसा देखा गया है कि परीक्षार्थी उत्साह में आकर या बेवकूफी में प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है। इससे बाहर यह संदेश जाता है कि परीक्षा निष्पक्ष नहीं हुई और यह संदेश फैलते क्षण भर की भी देरी नहीं होती कि प्रश्नपत्र लीक हो गया। जाने-अनजाने इससे भ्रम फैलता है और सरकार के साथ-साथ बोर्ड भी दबाव में आ जाती है। साथ ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल गिरता है। सीबीएसई ने इन मामलों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है, जिसकी सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अनफेयर मीस के नियमों में ऐसे कई नियमों को शामिल किया गया है। यह देखने में आया है कि शैक्षणिक परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जाता रहा। इन सबका प्रभाव देश की परीक्षा प्रणाली पर काफी बुरा पड़ता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी लगाने, परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल न करने का निर्देश देना उन छात्रों के लिए भी तो बुरी बात है।यह सभी विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर सोचने-विचारने की बात है कि उनके लिए इतने सारे सख्त नियम-कायदे अमल में लाए जाएं। आखिर क्यों उन्हें परीक्षा में नकल करने या अनुचित व्यवहार करने के लिए विवश होना पड़ता है? इस बाबत उन स्कूलों, उन विद्यार्थियों और उनके परिजनों को भी संवेदनशील और संजीदा होकर मंथन करने की आवश्यकता है। गलत तरीकों से परीक्षा में अंक लाना बहादुरी नहीं है।कॅरियर में आगे बढने् के लिए ईमानदारी से किए गए प्रयास और दुनियादारी को समझना ही अच्छे अंक की गारंटी है। नकल करके प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यार्थियों को क्षणिक खुशी तो देगा, मगर उन्हें जीवन पथ पर पीछे धकेल देगा।

# कहीं मनुष्य की नाक में दम न कर दे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

सामरिक सूचना के उजागर होने के खतरे यह बहुत अच्छी खबर है कि भारत ने बहुत ही कम वित्तीय निवेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अधिकतम उपयोग के बाद उसके फायदे उठाए हैंद्य ब्रिटेन के निचले सदन हाउस ऑफ़ कॉमंस के स्पीकर लिंडसे हाएल ने कहा कि ब्रिटेन संसदीय प्रक्रिया को और बेहतरीन बनाने के लिए भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रगति से उनका अनुकरण कर फायदे उठा सकता है। यह सुखद आश्चर्य है कि भारतीय संसद एक साथ 23 भाषाओं का अनुवाद कर सकता है। भारत की यह प्रगति दुनिया के देश के लिए काम आर्थिक बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग का एक बेहतरीन उदाहरण बन सकता है उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि भारत शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है पर संपूर्ण मानव जाति को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक पर महारत हासिल की जानी चाहिए अन्यथा यह रोबोट की तरह मानव पर संपूर्ण अधिकार जमाने वाला औजार साबित हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अमेरिका,रूस,चीन,जापान और पश्चिमी देश जिस तरह गोपनीय तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं उससे विकासशील देशों की रक्षा सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैं इसमें विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सामरिक सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैं । जब तक इस विधा में पूरी तरह पारंगत नहीं हो जाते इस पर विशेष सावधानी रख का उपयोग किया जाना चाहिए अन्यथा इसका विपरीत असर भी पढ़ सकता है। सूचनाओं विदेशी तत्वों के हाथों में जा सकती है इसके अलावा आतंकवादी संगठन इसका उपयोग कर भारी तबाही मचा सकते हैं। निसंदेह यह दौर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का दौर है पर इसका उपयोग अतिरिक्त सावधानी के साथ किया जाना चाहिएद्यअब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव



की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन,मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं।

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं।

खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34 प्रतिशत बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें। यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है। यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंद्य दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है।

राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्न' साबित करने के लिए दूषित' शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं।वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है।कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा।गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं।अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं। पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।उस समय सीएसई ने देसी-विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी।इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया।हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं।नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है।कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे।ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि-आदि। कभी जहां इस देश में दूध-दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है। थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं। यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती।लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूध को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे। डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड' शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा।भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं।हर



रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते।अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है।यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिए तो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं। इंडियन काउन्सिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं।रिपोर्ट कहती है कि किसी व्यक्ति को डेयरी का दूध और उसके उत्पाद खाने-पीने को दिए जाएं तो उसे दिल का दौरा पडने् की संभावना दो से छह गुना तक बढ़ जाती है।भारतीय खाद्य अपमिश्रण कानून एक किलो में केवल 0.01 मिलीग्राम एचसीएच की अनुमति देता है, जबकि आईसीएमआर की रिपोर्ट में यह 5.7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम निकला।इसके अलावा वैज्ञानिकों को दूध में आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसे खतरनाक अपशिष्ट भी मिले। यह इतने खतरनाक हैं कि इनसे किडनी, दिल और दिमाग तक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।बात सिर्फ गाय और भैंस के दूध तक ही सीमित नहीं है। खेती के दौरान भारी मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से बच्चे के लिए अमृत कहा जाने वाला मां का दूध भी शुद्ध नहीं रह गया है।अमेरिका में हुए एक शोध में अमेरिकी औरत के दूध में कीटनाशकों के साथ-साथ सौ से भी ज्यादा औद्योगिक रसायन पाए गए। इस शोध में तो यहां तक कहा गया कि यदि इस दूध को बोतल में बंद करके बाजार में बेचने की कोशिश की जाए तो, अमेरिकी सरकार इसकी इजाजत नहीं देगी। पर, अनेक नुकसानदेह रसायनों के बावजूद मां का दूध बच्चे के पोषण के लिए बहुत जरूरी है। यह नवजात शिशु को अनेक बीमारियों से लडने् की ताकत प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष करीब दो लाख लोग कीटनाशकों को खाकर काल के गाल में समा जाते हैं। यह संख्या पिछले दस-12 सालों में लगभग सात गुनी हो गई है। संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर साल करीब 30 लाख लोग इन जहरों की चपेट में आते हैं और खास बात है कि इनमें से ज्यादातर बच्चे होते हैं।कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से पैदा हुई इन स्थितियों को देखते हुए अनेक देशों ने तो इनका प्रयोग लगभग बंद ही कर दिया है और वे प्राकृतिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग करने लगे हैं।पर, भारत अभी पश्चिम की कदमताल कर रहा है। जिस तकनीक को वे उपयोग कर उसके बुरे प्रभावों को देखकर त्याग चुके हैं, भारतीय उनका अंधानुकरण कर रहे हैं।वे हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गुणों से परिचित होकर उनका अध्ययन कर गूढ़ रहस्य को समझकर अपने जीवन में उतारने की कोशिश में लगे हैं, वहीं भारतवासी अपनी समृद्ध संपदा को छोड़कर पश्चिमी चकाचैंध के पीछे दीवाने हुए जा रहे हैं।तकनीक को अपनाना, चाहे वह अपने देश की हो या विदेश की, गलत नहीं है, पर उसके अच्छे और बुरे प्रभावों को जाने बिना उसका अंधानुकरण करना सही नहीं कहा जा सकता।

**-विनीत नारायण-**



## कविता

### हमला का हे करना



घटती-घटना
सोमेश देवांगन
पंडरिया,कबीरधाम छत्तीसगढ़

नेता हन जेब ला हावय जी भरना,
बाकी के का होवय का हे करना।
सोझ रद्दा ला बिगाड़ टेड़गा करबो,
तुमन रेंगव जी हमला का हे करना।।
अपन विकास हमला करते रहना,
उखर पइसा ल घलो लूट के धरना।
हो जावय रे भले लोगन हर दुच्छा,
बस फेर बाबू रे हमला का हे करना।।
छप्पन भोग लूट पुदक के करना,
लोगन ल तो हे लांघन पेट रहना।
के खीर सोहारी हम कूद कूद खाबो,
भुख मरे लोगन हमला का हे करना।।
फोकट म लोगन ल हे बॉटत रहना,
कनकी दे कइबो चाँउर हवय ना।
झोंका के खाही तेन ल खावन दे न,
कहे सुन भोंदू हमला का हे करना।।
मिले पइसा चोरी के काम हे करना,
नई मिले पइसा त लूट के हे धरना।
भ्रष्टाचार कर करबो हम तो कमई,
तुमन तो सोचव हमला का हे करना।।
बटुवा हमार तो रहे भरते ही रहना,
बेचा जावय देश के बेटी का करना।
बेच देथन हम तो अपन के इज्जत,
मिलत रहे बोट हमला का हेकरना।।
हम नेता हमला हे आँखी मूंदे रहना,
कान रही के हवय जी भयरा बनना।
जेन मुह मा आही तेन बोलत रहना,
बेचा जाय देश हमला का हे करना।।

# कैलाश इंदौर के फिर बने सिरमौर

इंदौर के मामले में एक बार फिऱ ख़ालिस इन्दौरी कैलाश विजयवर्गीय सिरमौर बनकर उभरे। भाजपा नगर व जिला अध्यक्ष का पद आखिऱकार उन्हीं की झोली में आया। वे तब तक डटे व अड़े रहें, जब तक उनके मनोनुकूल निर्णय नही हुआ। न सत्ता उन्हें नजरअंदाज कर सकी और न संगठन। वो घेराबंदी भी काम नही आई, जो विजयवर्गीय को घेरने के लिये बनाई गई थी। मंत्री सहित जिले के 4 विधायक उनके खिऱ्लाफ़ लामबंद हुए थे। इस लामबंदी को ग्वालियर से लेकर भोपाल तक से बल भी मिल रहा था। कैलाश कैम्प ने अपने खिऱ्लाफ़ इंदौर से ग्वालियर व भोपाल से दिल्ली तक बनी व्यूहरचना से न सिर्फ़ पार पाया बल्कि उसे ध्वस्त भी कर दिया। एक बार फिऱ विजयवर्गीय का सरकार व संगठन में दबदबा नजऱ आया। आखऱी तक इंदौर का फैसला नही हो पाया। न कोई हिम्मत दिखा पाया कि विजयवर्गीय को परे रख घोषणा की जाए। पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्ष घोषित होने तक भी इंदौर की घोषणा का रुका रहना ही साबित कर गया कि फ़िलहाल तो इंदौर के मामले में विजयवर्गीय को नजरअंदाज नही किया जा सकता। जिले व नगर के फैसले में उन्हें एक बार फिर मालवा अंचल का क्षत्रप साबित किया।नगर व ज़िले के कप्तान के मामले में भाजपा में इस बार जो हुआ, वैसा कभी नही हुआ। सब कुछ कांच की तरह साफ होने के बाद भी इंदौर की राह रोक ली गई। रायशुमारी को एक तरफ सरका दिया गया और नए नए समीकरण गढ़े गए ताकि अध्यक्ष कैलाश कैम्प से हटकर हो। इस काम में कांग्रेस की गुट बनाने वाली बीमारी भी पाल ली गई। जिले के 4 विधायक व एक मंत्री महोदय एकजुट भी हुए। इस कथित गुट को प्रदेश से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की मदद भी मुहैया हुई। घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी उकसाकर खड़ा किया गया। उन्होंने भी वीटो लगाया लेकिऩ वे सतर्क भी बनी रहीं। सीएम के सपोर्ट का शोर भी मचाया गया। लेकिऩ उन्ही सीएम साहब ने इंदौर के मामले में आखिर में तटस्थता अख्तियार कर ली औऱ गुटबाजी का दम निकल गया। परिणाम सामने हैं। नगर में रायशुमारी को ही अहमियत मिली और ज़िले में किसी के हित स्थापित नही हो पाए। जबकि नगर पर दबाव बनाकर ज़िले में हुकूमत की बिछात मजबूती से बिछाई गई थी।विफ़ल हुए कैलाश को कमज़ोर करने प्रयास पूरे मामले में विजयवर्गीय को इंदौर में कमजोर साबित करने के प्रयास बहुतेरे हुए। सत्ता से ज्यादा सँगठन ने इसमे रुचि दिखाई लेकिऩ कैलाश केम्प ने सबसे पार पा लिया। शहर में तो उनका तीन इक्का तुवर ब्रांड नाम ही सामने आया। ज़िले में भी उन्होंने मास्टर स्ट्रोक खेल विरोधियों को चौका दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष की निरंतरता के लिए वे अड़े रहें।

**-नितिनमोहन शर्मा-**

# ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ

भारतीय राजनीति में संभवतः पहली बार मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने अपने उद्धेश्य की पूर्ति हेतु मानव मनोविज्ञान का सहारा लिया है, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसके चुनावी घोषणा-पत्र में प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी का उल्लेख था, अब वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डेढ़ दर्जन धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की है, यद्यपि इस कदम से सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचेगी, किंतु सत्तारूढ़ दल को इससे राजनीतिक लाभ अवश्य पहुंचेगा। सरकार के इस फैसले को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की दिशा में ठोंस कदम माना जा रहा है।एक अप्रैल से जिन नगरों में शराबबंदी होगी वे धार्मिक शहर उज्जैन, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, दतिया, अमरकंटक, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, औरछा, चित्रकुट, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बरमानकला, लिंगा बरमान खुर्द और बांदकपुर है, इन नगरों में शराबबंदी से राज्य सरकार को करीब पांच सौ करोड़ की राजस्व आय कम हो जाएगी।अब तक नर्मदा तट के बीस जिलों में पांच किलोमीटर' क्षेत्र में शराबबंदी लागू थी और उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में मुख्य धार्मिक स्थानों से 100-200 मीटर दायरें में पाबंदी थी।सरकार के इस कदम को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की राह का



पहला कदम बताया जा रहा है।स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे नीतिगत फैसला बताया, प्रदेश के इन उन्नीस नगरों में एक भी शराब की दुकान नही रहेगी, सभी मौजूदा दूकानें हमेशा के लिए बंद हो जाएगीभाजपा का दावा है कि कांग्रेस की सरकारें ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नही कर पाई, क्योंकि इसमें सरकार के आर्थिक स्त्रोत में कमी आने वाली है,यदि पूरे राज्य में पूर्णतः शराबबंदी की जाती है तो सरकार को करीब तीन हजार करोड़ की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी,इस हानि के बारे में सरकार का कथन है कि इस हानि की क्षतिपूर्ति अन्य श्रोतों से पूरी कर ली जाएगी। लेकिन यह मध्यप्रदेश का पहला अन्य राज्यों के लिए सार्थक अनुकरणीय कदम होगा।इस कदम की घोषणा करते हुए सरकार ने यह भी कहा है कि यह फैसला सिर्फ शराबबंदी की दूकानों के लिए लिया गया है,प्रदेश के नागरिकों पर शराबबंदी थोपनें के लिए नहीं, वे अपने घरों में बैठकर शराब का सेवन कर सकते है, पर यहां मुख्य सवाल यह है कि प्रदेश में शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो जाएगी तो इसके शौकिन लोग अपना शौक कहां से पूरा कर पाएगें।मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार का लक्ष्य आगामी एक दशक में पूरे राज्य में पूर्णतः शराबबंदी का है, लेकिन साथ ही इस लक्ष्य को लेकर कई संशय भी व्यक्त किए जा रहे है।इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री का राज्य गुजरात है, जहां पिछले कई वर्षों से पूर्ण शराबबंदी लागू है, किंतु वहां पान की दूकानों तक शराब की बिक्री होना बताया जा रहा है, ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ है।यदि मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी है तो फिर सरकार को सी इस मामले में ईमानदारी पूर्ण सख्ती अपनानी होगी, क्योंकि प्रदेश के मानव जीवन की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम में लापरवाही नही होनी चाहिए।किंतु यह एक साहसपूर्ण ठोंस फैसला अवश्य होगा जो सत्तारूढ़ दल के लिए राजनीतिक दृष्टि से फायदेमंद सिद्ध होगा।

**-ओमप्रकाश मेहता-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

CMYK

# नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा ने जारी किए अपने-अपने घोषणा-पत्र





- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। अंबिकापुर नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजीव भवन में बुधवार को पूर्व डिप्टी सीएम की मौजूदगी में घोषणा-पत्र जारी किया। इसका नाम जन घोषणा पत्र रखा गया है। इस अवसर पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के संदर्भ में कांग्रेस ने एक सामान्य घोषणा-पत्र जारी किया है। पीसीसी की घोषणा-पत्र समिति द्वारा संकलित कर जारी किया गया है। इसी प्रकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए भी एक घोषणा-पत्र आ सकता है। वहीं वार्डों के लिए भी एक अलग घोषणा-पत्र होगा। उन्होंने ने कहा कि केंद्र के अलावा कई राज्यों में भाजपा सत्ताधीन है। इस वजह से कांग्रेस जिन-जिन योजनाओं की घोषणा करती है, उनमें से चुन-चुन कर भाजपा अब उनको अपनाने लगी है। कांग्रेस को देश में जनता से समर्थन हासिल हो रहा है, बहुमत अभी प्राप्त नहीं हुआ है। राहुल गांधी ने कहा था कि देश के हर परिवार को न्यूनतम आय होनी चाहिए। इस पर अमल करते हुए उन्होंने 2019 के घोषणा-पत्र में 72 हजार रुपए देने की बात कही थी। इसी प्रकार 2024 के चुनाव में प्रियंका गांधी ने 5 गारंटी की घोषणा की थी। इसमें उन्होंने 1 लाख रुपए देने की बात कही थी। ऐसी कई योजनाओं को भाजपा अपने घोषणा-पत्र में शामिल किया और सत्ता में होने के कारण अपना लिया। टीएस सिंहदेव ने कहा कि भाजपा दुष्प्रचार कर रही है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाएं बंद हो जाएंगीं। महतारी वंदन योजना के संदर्भ में भी यही कहा जा रहा है। जो जागरुक हैं वे जानते हैं कि ये सब सरकार की योजनाएं हैं, जो बंद नहीं होंगीं। जिस प्रकार राशन बंद नहीं हुआ उसी प्रकार सभी योजनाएं चलती रहेंगीं। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, बालकृष्ण पाठक, जेपी श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा ने 31 बिन्दूओं का जारी किया घोषणा पत्र

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने शहर के विकास के लिए 31 बिन्दूओं का घोषणा पत्र जारी किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर निगम में 10 साल कांग्रेस की सरकार रही है। पर विकास के कुछ काम नहीं हुए हैं। जो भी कार्य शहर में दिख रहे हैं वह भाजपा शासन काल की है। कांग्रेस शासन काल में केवल भ्रष्टाचार हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर निगम में हमारी सरकार आती है तो अमृत जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टचार की जांच कराई जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पांडेय, नगर निगम चुनाव संयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास तथा जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे उपस्थित थे।

## कांग्रेस का घोषणा-पत्र

1. तलाबों का संरक्षण व सौन्दर्याकरण की विषेश पहल की जायेगी।
2. घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे।
3. शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था। स्कूलों एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन।
4. महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सीसी कैमरा लगाने की व्यवस्था।
5. सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था।
6. श्रद्धांजलि राशि योजना के बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए किया जाएगा।
7. निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।
8. सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी।
9. आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा दी जाएगी।
10. मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।

## भाजपा का घोषणा-पत्र

1. रूके हुए प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना को और वर्तमान में स्वीकृत हुए घरों को तेजी से पूरा करेंगे।
2. नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे साथ हम सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे।
3. शहर में प्रवेश करने वाले सभी मुख्य मार्ग बनारस रोड, मनेन्द्रगढ़ रोड, बिलासपुर रोड, रामानुजगंज रोड, रायगढ़ रोड को फोरलेन से जोड़ा जाएगा ।
4. शहर में बढ़ते आवागमन को ध्यान में रखते हुए नवीन रिंग रोड का निर्माण होगा।
5. अंबिकापुर को प्रदेश का स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नवीन स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।
6. नालियों के गंदे पानी से मुक्ति हेतु वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट की स्थापना की जाएगी।
7. डिजिटल अंबिकापुर बनाने के लिए शहर के प्रमुख स्थलों पर फ्री वाई फाई सेवा शुरू की जाएगी।
8. अंबिकापुर शहर को कन्द्र सरकार की मदद से स्मार्ट सीटी में परिवर्तित किया जाएगा।
9. जल संकटग्रस्त क्षेत्र में शुद्ध पेयजल व्यवस्था के लिए 20 लाख लीटर क्षमता की 2 टंकियों का निर्माण किया जाएगा।
10. चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर स्मार्ट शौचालय का निर्माण किया जायेगा, महिलाओं हतु पृथक से पिंक शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ का आरोप जेल प्रहरी पर,थाने में रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप उसके भाई ने जेल प्रहरी पर लगाया है। छात्रा के भाई ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस जेल प्रहरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शहर की एक छात्रा उम्र 17 वर्ष शासकीय स्कूल में पढ़ती है। वह 1 अक्टूबर 2024 को स्कूल गई थी। शाक करीब 4 बजे छुट्टी के समय जेल प्रहरी राजकुमार चौहान अपने दोस्तों के साथ स्कूल के पास पहुंचकर छात्रा को रोककर छेड़छाड़ करने लगा और कहा कि तुम हमसे बात क्यों नहीं करती है। बात नहीं करेगी तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से मारकर फेंक दुंगा। छात्रा के भाई ने पुलिस को बताया है कि जेल प्रहरी पूर्व में भी मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ किया था। हमलोगों द्वारा समझाइश भी दी गई थी। इसके बावजूद भी वह नहीं मान रहा है। एक बार मेरे घर में भी घुस गया था और मेरे पिता द्वारा मना करने पर उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके बादवजूद भी मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। छात्रा के भाई की रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस ने आरोपी जेल प्रहरी राजकुमार के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# स्कूलों की समस्याओं पर प्रशासन उदासीन, स्कूल निरीक्षण समिति की बैठकें ठप्प

- भूपेन्द्र सिंह -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर कलेक्टर विलास भोस्कर द्वारा सरकारी, गैर-सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए गठित स्कूल निरीक्षण समिति की गतिविधियां पिछले एक वर्ष से ठप्प पड़ी हैं। समिति के पदाधिकारी और सदस्यगण अब तक कोई बैठक नहीं कर सके हैं, जिससे अभिभावकों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर कोई अमल नहीं हुआ। प्रशासन की यह उदासीनता शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

### अभिभावकों के सुझावों की अनदेखी

मार्च 2024 की बैठक में अभिभावकों ने स्कूलों में तनाव-मुक्त वातावरण बनाने, विद्यालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने, नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने, किशोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने, नियमित अभिभावक-शिक्षक बैठकें आयोजित करने और बच्चों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। इसके अलावा, स्कूल के आसपास यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिया गया था। हालांकि, इन सभी बिंदुओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे अभिभावकों में निराशा है।

### शिकायत पेटी की अनदेखी




स्कूलों में छात्रों की समस्याओं को जानने के लिए शिकायत पेटी लगाई गई थी, लेकिन अब इन पेटियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिक्षा सत्र समाप्त होने को है, अब तक एक बार भी इन शिकायत पेटियों को नहीं खोला गया, जिससे छात्रों की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। कई स्कूलों में शिकायत पेटियों को ही हटा दिया गया है। समिति के सदस्यों ने भी कई स्कूलों का निरीक्षण तक नहीं किया, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी ने उस वक्त तमाम तरह के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने चाहिए। अभिभावकों की चिंताओं को गंभीरता से लेकर स्कूल निरीक्षण समिति की बैठकें पुनः शुरू की जानी चाहिए ताकि शिक्षा का माहौल सुरक्षित और समुचित बना रहे।

### क्यों बनी थी समिति

बता दें पिछले वर्ष एक निजी विद्यालय की छात्रा ने स्कूल प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठा लिया था। इस घटना के बाद अभिभावकों की नाराजगी खुल कर सामने आ गई। बढ़ते विरोध के बीच प्रशासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने स्कूल निरीक्षण समिति गठित की। शुरुआती दिनों में समिति की बैठकें स्कूलों में हुई जिसमें कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। अब न तो बैठक हो रही है और न ही शिक्षा विभाग इस पर कोई पहल कर रहा है।

### जानकारी नहीं है,पता करवाता हूं...जिला शिक्षाधिकारी

सरगुजा के जिलाशिक्षाधिकारी अशोक सिन्हा से जब इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि पता करके आपको बता पाऊंगा। शिक्षा सत्र समाप्त होने को है सभी स्कूलों की शिकायत पेटियों की जांच की गई जाएगी। उसमें जो भी आवश्यक सुझाव मिलेंगे उस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

## गांधीनगर व कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात, जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाने क्षेत्र में चोरों ने घर में घुसकर मोबाइल व सोने-चांदी का जेवरात पार कर दिया है। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र के केदारपुर से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रीता विश्वकर्मा पति गगन विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष ग्राम अजिरमा शांतिनगर नेपालीपारा थाना गांधीनगर के रहने वाली है। वह गांधीनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस का बताई है कि 28 दिसंबर 2024 की सुबह घर में अकेली थी। दोपहर में अज्ञात चोर मेरे घर में घुसकर मोबाइल व अलमारी में रखे सोने का 1 जोड़ी कान की बाली व एक जोड़ी पायल कुल कीमत 40 हजार रुपए पार कर दिए। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है। वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के केदारपुर मल्होत्रा गली निवासी सत्येन्द्र सिंह भामरा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया कि वह वेल्डिंग मशीन का कॉपर वायर सहित अन्य सामान अपने घर के पास धनश्री अपार्टमेंट में रखा था। 31 जनवरी तक सामान सही था। 4 फरवरी की सुबह सत्येद्र सिह का भाई भाई अपार्टमेन्ट में जाकर देखा तो अपार्टमेन्ट के अंदर सामान बिखरा पडा था। वेल्डिंग मशीन का कापर वायर, लेथ मशीन का मोटर, तीन हैड्रोलिंक जैक, गाडी का रेडियेटर नहीं था। सत्येन्द्र भामरा की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत कुसमी में 11 फरवरी को होगा मतदान प्रशासन ने की है तैयारी






- संवाददाता -
कुसमी,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

विधानसभा लोकसभा निर्वाचन के बाद अब जनता शहर की सरकार बनाने जा रही है गौरतलब है बलरामपुर जिले के छोटे से शहर नगर पंचायत कुसमी में नगरीय निकाय चुनाव के लिये मतदान 11 फ़रवरी को होना है लेकिन इससे पहले आप यह जान लीजिए कि इसबार चुनाव में नगर पंचायत कुसमी से कितने प्रत्याशी चुनाव के मैदान में उतरे है, मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत के 15 वार्ड में कुल मतदाताओं कि संख्या 6067 है अध्यक्ष पद के लिये 3प्रत्याशी और पार्षद पद के लिये 43 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है,सभी प्रत्याशी अपने- अपने चुनाव चिन्ह को लेकर प्रचार प्रसार में जी जान से लगे हुये है,वही शांतिपुर्ण ढ़ग से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन ने भी तैयारी कर रखी है एसडीएम करुण डहरिया चुनाव कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे है,बहरहाल बलरामपुर जिले का नगर पंचायत कुसमी पहाडों में बसा हुआ है और प्राकृतिक तौर कुदरत ने इसे काफी सौदर्य बनाया है,फिलहाल तो सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में कुसमी कि जनता का दिल जीतने की कोशिस में लगे हुये है,लेकिन जब चुनाव परिणाम आयेगा तो यह साफ हो जायेगा कि किस प्रत्याशी को जनता का आर्शीवाद इस नगरीय निकाय चुनाव में मिला है।



# वेस्ट बैंक में बढ़ी यहूदी आबादी, बसने वाले इस्राइलियों को ट्रंप प्रशासन से समर्थन की उम्मीद

**बेथेल (वेस्ट बैंक),05 फरवरी 2025।** वेस्ट बैंक में यहूदी जनसंख्या में पिछले साल इस्राइल की आम आबादी की तुलना में दोगुनी दर से वृद्धि हुई। एक हित समूह (एडवोकेसी ग्रुप) ने यह जानकारी दी। इस समूह को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन उन नीतियों का समर्थन करेगा, जो कब्जे वाले क्षेत्र में बस्तियों के विस्तार को तेज करने में मदद करें।

वेस्ट बैंक यहूदी जनसंख्या आंकड़े की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया कि वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की आबादी में पिछले वर्ष करीब 2.3 फीसदी (12 हजार से अधिक लोग) की वृद्धि हुई और अब यह संख्या 5,29,450 तक पहुंच गई है। 2023 में यह 2.3 फीसदी की वृद्धि दर से थोड़ी सी कम थी,



लेकिन यह इस्राइल के अंदर जनसंख्या वृद्धि दर से 1.1 फीसदी से करीब दोगुनी थी।

आंकड़े प्रकाशित करने वाले समूह के निदेशक बारूक गॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है।

### 1967 में किया था इस्राइल ने वेस्ट बैंक के इलाकों पर कब्जा

1967 में पश्चिम एशिया के युद्ध के दौरान इस्राइल ने वेस्ट बैंक में 130 से अधिक बस्तियों और इलाकों पर कब्जा किया था। इस कदम का मकसद इस क्षेत्र पर इस्राइल के नियंत्रण को मजबूत करना था। हालांकि, फलस्तीनी लोग इस क्षेत्र को राज्य की भविष्य की राजधानी के रूप में देखते हैं और उनका कहना है कि यहूदी बस्तियों की मौजूदगी आजाद होने की उम्मीदों को खत्म कर रही हैं।

### वेस्ट बैंक पर कब्जा गैरकानूनीः अंतरराष्ट्रीय न्यायालय

दुनिया के अधिकांश देश वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियां बसाने का विरोध करते हैं और इसे शांति की प्रक्रिया में बाधा मानते हैं। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने पिछले साल जुलाई में यह कहा था कि वेस्ट बैंक पर कब्जा करना गैरकानूनी है और यह फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार का उल्लंघन करता है। ट्रंप प्रशासन ने इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय नीति से अलग रुख अपनाया और इन यहूदी बस्तियों के निर्माण का समर्थन किया है, जिससे वेस्ट बैंक में बसने वाले इस्राइलियों में नई उम्मीद जग गई है।

# शेख हसीना और अन्य को वापस बांग्लादेश लाने का प्रयास कर रही अंतरिम सरकार

### गृह सलाहकार का बयान

**ढाका,05 फरवरी 2025।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार प्रत्यर्पण संधि के तहत अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य को भारत से वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बता दें कि, देश में बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद से शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं। उनके भारत आने के साथ ही अवामी लीग के 16 साल की सरकार का पतन भी हो गया था।



### अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने जारी किया है वारंट

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य और नागरिक अधिकारियों के लिए मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी ने गृह सलाहकार के हवाले से कहा, हम उन लोगों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों में आईसीटी में ट्रायल के अधीन हैं।

### शेख हसीना को लाने के लिए कानूनी प्रयास जारी

उन्होंने यह टिप्पणी सरकार की तरफ से 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उठाए गए कदमों पर एक सवाल का जवाब देते हुए की, जिनके खिलाफ आईसीटी ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पिछले साल, ढाका ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए नई दिल्ली को एक राजनयिक नोट भेजा था। गृह सलाहकार ने कहा कि वे देश में रहने वालों को गिरफ्तार कर रहे हैं, जबकि विदेश में रहने वाले अन्य लोगों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, मुख्य व्यक्ति देश में नहीं है। हम उन्हें कैसे गिरफ्तार करेंगे जो विदेश में हैं? उन्होंने आगे कहा कि उन्हें वापस लाने के लिए कानूनी प्रयास चल रहे हैं।

जब उनके खिलाफ रेड नोटिस जारी करने की प्रगति के बारे में पूछा गया, तो पुलिस प्रमुख बहारुल आलम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इंटरपोल जल्द ही आईसीटी की तरफ से वांछित व्यक्तियों के खिलाफ नोटिस जारी करेगा। उन्होंने कहा, चूंकि आईसीटी की तरफ से रेड नोटिस जारी किया गया है, इसलिए मेजबान देश उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उत्तरदायी है।

### शेख हसीना पर क्या हैं आरोप?

अंतरिम सरकार ने शेख हसीना और 96 अन्य लोगों के पासपोर्ट पहले ही जबरन गायब किए जाने और जुलाई में हुई हत्याओं में उनकी कथित संलिप्तता के लिए रद्द कर दिए हैं। दिसंबर में, बांग्लादेश ने जुलाई-अगस्त विद्रोह के रूप में नामित भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान सामूहिक हत्याओं के आरोपों पर मुकदमा चलाने के लिए आधिकारिक तौर पर शेख हसीना के प्रत्यावर्तन की मांग की थी। बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण, जो मूल रूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों के अत्याचारों के कट्टर सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए गठित किया गया था, ने अब तक दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए है, जिसमें अधिकारियों को उसे गिरफ्तार करने और 12 फरवरी तक उसकी अदालत में उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

# पर्वतारोही अकेले नहीं कर पाएंगे माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई,नेपाल ने बदले नियम,रॉयल्टी शुल्क में भी इजाफा



**काठमांडू,05 फरवरी 2025।** अब माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोही अकेले चढ़ाई नहीं कर पाएंगे। नेपाल ने पर्वतारोहण नियम में छठवां संशोधन किया है। इसके तहत माउंट एवरेस्ट सहित आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचे सभी पहाड़ों पर अकेले चढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नए नियम के मुताबिक पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या पर्वतारोहण गाइड होना जरूरी होगा।

नेपाल ने अधिसूचना में कहा कि आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वत शिखर पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या गाइड अवश्य होना चाहिए। जबकि अन्य पर्वतों पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल को अपने साथ कम से कम एक गाइड होगा अनिवार्य होगा।

नया नियम लागू होने के बाद चोटियों पर अकेले चढ़ने पर लगाम लगेगी। सरकार का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को उसके अनुभव की परवाह किए बिना अकेले पहाड़ पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह नियम अब अल्पाइन और अभियान शैली के पर्वतारोहियों पर भी लागू होगा।

### विदेशी पर्वतारोहियों के रॉयल्टी शुल्क में इजाफा

सरकार ने वसंत ऋतु में दक्षिण मार्ग से माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने का प्रयास करने वाले विदेशी पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी शुल्क को बढ़ाकर 15000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति कर दिया है। मार्च से मई के बीच हिमालयी राष्ट्र में पर्वतारोहियों की बड़ी आमद होती है। पहले इसकी फीस 11,000 अमेरिकी डॉलर हुआ करती थी। वहीं सितंबर से नवंबर तक चलने वाले शरद ऋतु के लिए पर्वतारोहण रॉयल्टी को भी 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। इसके अलावा दिसंबर से फरवरी तक चलने वाले शीतकालीन अभियान और जून से अगस्त तक चलने वाले मानसून अभियान की फीस भी मौजूदा 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 3,750 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है।

### आठ हजार पर्वतारोहियों के शुल्क में भी संशोधन

सरकार ने आठ हजार पर्वतारोहियों के शुल्क में भी संशोधन किया है। इसमें वसंत अभियान की रॉयल्टी 1800 अमेरिकी डॉलर से लगभग दो गुना बढ़कर 3000 अमेरिकी डॉलर, शरद ऋतु का शुल्क 900 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1500 अमेरिकी डॉलर और सर्दियों व मानसून अभियान के लिए रॉयल्टी को 450 अमेरिकी डॉलर से 750 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। जबकि नेपाली पर्वतारोहियों के लिए वसंत ऋतु में सामान्य मार्ग की रॉयल्टी 75,000 रुपये से 1.5 लाख रुपये हो गई है।

# फलस्तीन बनने तक इस्राइल से नहीं रखेंगे कोई संबंध,सऊदी अरब ने ट्रंप को दिया झटका

**रियाद,05 फरवरी 2025।** सऊदी अरब ने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल को झटका देते हुए कहा है कि जब तक फलस्तीन देश नहीं बन जाता है, तब तक इस्राइल के साथ कोई कूटनीतिक संबंध नहीं बनाएंगे। सऊदी अरब ने कहा कि वे फलस्तीन की अलग देश के रूप में मांग से पीछे नहीं हटेंगे। सऊदी अरब का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब मंगलवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे चाहते हैं कि अमेरिका, गाजा पर नियंत्रण रखे और गाजा से विस्थापित लोगों को गाजा के बाहर बसाया जाए।



सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया। सोशल मीडिया पर साझा इस बयान में कहा गया है कि सऊदी अरब का विदेश मंत्रालय यह स्पष्ट करता है कि फलस्तीन देश बनाने को लेकर हमारा विचार दृढ़ है और ये बदलने वाला नहीं है। युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने 18 सितंबर 2024 को शूरा काउंसिल के पहले सत्र में भी स्पष्ट और दृढ़ तौर पर फलस्तीन को अलग देश बनाने का समर्थन किया था। युवराज ने जोर देकर कहा था।

# अस्पताल परिसर से मरीज के परिजन की बाइक चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला अस्पताल परिसर से आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। चोरों ने मरीज के परिजन व स्टाफ के बाइक पार कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक व्यक्ति अपनी बहन के डिलिवरी होने पर वह बाइक से देखने गया था। बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा किया था। जहां से अज्ञात चोरों ने पार कर दी है। युवक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है।



जानकारी के अनुसार शहबाज सिद्दीकी शहर के मोमिनपुरा का रहने वाला है। 3 फरवरी को इसकी बहन का डिलिवरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ था। वह बहन को देखने बाइक से गया था। वह बाइक को शाम करीब 6 बजे अस्पताल परिसर में खड़ा किया था। दो घंटे बाद घर जाने निकला तो इसकी बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 8750 नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। शहबाज ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है।

### सहेली के घर जाने निकली छात्रा 5 दिन से लापाता

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रोजेक्ट के कार्य से अपने घर से सहेली के घर जाने निकली छात्रा पिछले 5 दिनों से लापाता है। छात्रा के पिता की रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर के रहने वाली छात्रा 1 फरवरी को अपने प्रोजेक्ट के कार्य से अपनी सहेली के घर ट्रांसपोर्ट नगर जाने निकली थी। जो वापस नहीं लौटी है। परिजन द्वारा पता करने पर उसका कुछ पता नहीं चला है। छात्रा के पिता ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। मामले में पुलिस धारा 137 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# श्याम सोनी व विद्याधर दास को किया गया जिला बदर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के दो बदमाशों के खिलाफ सरगुजा पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को 5 फरवारी 2024 से एक वर्ष के लिए सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से जिला बदर किया गया है।




पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि श्याम सोनी पिता मुकेश सोनी निवासी बरेजपारा थाना कोतवाली व विद्याधर दास उर्फ छोटू पिता पन्ना दास निवासी असोला समलायापारा थाना कोतवाली का रहने वाला है। ये दोनों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत जिला पदर की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन पेश किया गया था। प्रतिवेदन के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नेटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ कई अपराध हैं। इस लिए दोनों को 5 फरवारी 2024 से एक वर्ष के लिए सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

# ईलाज में बीत रहा है कांग्रेस महापौर प्रत्याशी का दिन





- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के महापौर प्रत्याशी डा. अजय तिर्की शहर के सभी वार्डों में डोर टू डोर सघन प्रचार प्रसार करने में लगे हैं। प्रचार प्रसार के दौरान वे अपने सहित वार्ड पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में भी मतदान की मतदाताओं से अपील कर रहे हैं।

निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशी तिर्की मतदाताओं को अपने 10 वर्ष के सेवा के दौरान किए गए कार्यों को भी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शहरी सरकार ने शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्यति दिलवाई है। 118 करोड़ के अमृत मिशन योजना के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुँचाया। इसका नतीजा है कि आज टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति पर निर्भरता समाप्त हो गई है। कांग्रेस की नगरीय सरकार ने गांधी स्टेडियम को शानदार खेल परिसर में बदल दिया है। शहर के अंदर नवीन सब्जी मंडी, निगम का नया कार्यालय, कई व्यावसायिक परिसर की स्थापना की है। इसी तरह जीत कर आने पर आगे क्या करना है उसका विजन भी उन्होंने तय कर रखा है।

### प्रचार भी और ईलाज भी

कुछ इसी तर्ज पर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी डॉ अजय तिर्की निगम चुनाव के चरम पर अपनी दिनचर्या बिता रहे हैं। प्रतिदिन 6 वार्ड में सघन प्रचार प्रसार के साथ ही वो वार्डो में मरीजों की तीमारदारी भी कर रहे हैं। प्रात: 7 बजे से प्रारंभ होने वाली प्रचार प्रसार को समाप्त होते रात के 10 बजते हैं। इस दौरान वे जिन रास्तों से गुजरते हैं परिजनों के निवेदन पर घर के बीमार सदस्यों का ईलाज भी कर रहे हैं। आज के प्रचार प्रसार के दौरान उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, मंगल पांडेय वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, शहीद चंद्रशेखर वार्ड और महावीर वार्ड का दौरा किया। प्रतिदिन की भांति इस दौरान उन्होंने कई मरीजों का ईलाज भी किया।



# कोरिया जिले के प्रथम पुलिस अधीक्षक रह चुके अरुण देव गौतम होंगे छत्तीसगढ़ के 12 वें डीजीपी

» काफी अटकलों के बाद अंततःछत्तीसगढ़ पुलिस के मुखिया के रूप में अरुण देव गौतम को मिली जिम्मेदारी...

» अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ के उन आईपीएस अधिकारियों में से एक हैं जो इमानदारी के लिए जाने जाते हैं....

» इनके डीजीपी बनने से पुलिसकर्मी सहित,आईपीएस व राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों में हर्ष का माहौल...

» प्रदेश के लोगों को भी एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी के डीजीपी बनने से बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जगी है...

-रवि सिंह-
रायपुर/कोरिया,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रदेश के डीजीपी के बदलने की प्रक्रिया काफी दिन से चल रही थी लेकिन अब डीजीपी छत्तीसगढ़ के बदल गए,संयोग भी ऐसा है कि कोरिया जिले के प्रथम पुलिस अधीक्षक रह चुके अरुण देव गौतम को ही छत्तीसगढ़ का डीजीपी बनाया गया है, अरुण देव गौतम ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं जो छत्तीसगढ़ में अपनी सेवा जहां भी प्रदान किए वहां पर वह पूरी ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध रहे, यही वजह थी कि उनके डिजीपी बनने में दिक्कतें भी आ रही थी, डीजीपी बनने की सूची में चार लोग शामिल थे पर अरुण देव गौतम काफी ईमानदार अफसर माने जा रहे थे जिस वजह से लोगों का यह कहना था कि इसी वजह से वह डीजीपी नहीं बन पाएंगे, पर अंततः सरकार ने ईमानदार आईपीएस अधिकारी को ही डीजीपी बनाया जो पूरे प्रदेश के लिए फक्र की बात है।

ज्ञात हो की अरुण देव गौतम 1998 में कोरिया जिले के प्रथम एसपी के रूप में कार्य कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के 1992 बैच के आईपीएस है। वे मूलतः उत्तरप्रदेश के रहने वाले है। छत्तीसगढ़ में कई महत्वपूर्ण पोस्टिंग में रहने वाले अरुण देव अच्छे कामों के चलते




संयुक्त राष्ट्र पदक व राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हो चुके है। अरुण देव गौतम यूपीएससी निकालकर 1992 बैच के आईपीएस बने। 12 अक्टूबर 1992 को उन्होंने आईपीएस की सर्विस ज्वाइन की। उन्हें पहले मध्यप्रदेश कैडर एलॉट हुआ था। प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर उनकी जबलपुर में पोस्टिंग हुई। फिर वे बिलासपुर जिले में सीएसपी बने। बिलासपुर के बाद एसडीओपी कवर्धा बने। कवर्धा के बाद एडिशनल एसपी भोपाल बने। मध्य प्रदेश पुलिस की 23 वीं बटालियन के कमांडेंट भी रहे। एसपी के रूप में पहला जिला उन्हें भोपाल का मिला। मध्य प्रदेश रहते जब कोरिया नवीन जिला बना था उसे समय 25 मई 1998 को अरुण देव गौतम को कोरिया जिले का पहला एसपी बनाया गया था, इनका कार्यकाल 19 जून 2000 तक रहा, लगभग वह 2 साल कोरिया के एसपी रहे, वर्ष 2000 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने पर अरुण देव गौतम ने छत्तीसगढ़ कैडर चुन लिया। छत्तीसगढ़ में वे कोरिया, रायगढ़, जशपुर, राजनंदगांव, सरगुजा और बिलासपुर जिले के एसपी रहे। डीआईजी बनने के बाद वे पुलिस हैडक्वाटर, सीआईडी, वित्त और योजना, प्रशासन और मुख्यमंत्री सुरक्षा के महत्वपूर्ण विभागों में पदस्थ रहे। चुनौती पूर्ण जिलों में अरुण देव गौतम को भेजा जाता था। वर्ष 2009 में राजनांदगांव में नक्सली हमले में 29 पुलिसकर्मियों व पुलिस अधीक्षक के शहीद होने के बाद अरुण देव गौतम को वहां का एसपी बनाकर भेजा गया। जहां उन्होंने नक्सलियों से जमकर लोहा लिया।

### यूपीएससी में भेजा गया था 4 नाम

छत्तीसगढ़ के नए पुलिस मुखिया 1992 बैच के आईपीएस अरुण देव गौतम को बनाया गया है। मंगलवार को डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल खत्म हो गया। उनकी विदाई के साथ सरकार ने अस्थाई तौर पर गौतम को डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बनाया है। देर शाम गौतम ने 12 वें डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल ली है। हालांकि यूपीएससी को चार लोगों का नाम भेजा गया है। इसमें अरुण देव गौतम के अलावा डीजी पवन देव, हिमांशु गुप्ता और एडीजी जीपी सिंह नाम शामिल है। वहां से डीजीपी का नाम फाइनल होकर आएगा। इसलिए सरकार ने अस्थाई तौर पर गौतम को जिम्मेदारी दी हैं। आईपीएस जुनेजा के रिटायरमेंट के बाद राज्य में डीजी का एक पद खाली होने के बाद आईपीएस जीपी सिंह को डीजी बनाया गया है।

### 24 साल के छत्तीसगढ़ के 12 डीजीपी

| नाम | कार्यकाल |
|---|---|
| मोहन शुक्ला | 7 माह |
| आरएलएस यादव | 7 माह |
| वीके दास | 9 माह |
| अशोक दरबारी | 21 माह |
| ओपी राठौर | 3 साल |
| विश्वरंजन | 4 साल |
| अनिल नवानी | 15 माह |
| रामनिवास | 14 माह |
| अमरनाथ उपाध्याय | लगभग 5 साल |
| डीएम अवस्थी | 3 साल |
| अशोक जुनेजा | लगभग 3 साल |
| अरुण देव गौतम | वर्तमान |
| 12 डीजीपी | साल 24 |

# नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी की कलेक्टर ने की समीक्षा

आरओ को दिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश,निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ मतदान और मतगणना कराने के दिये निर्देश







-संवाददाता-
सूरजपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.जयवर्धन ने आज नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत मतदान और मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था को लेकर क्रमवार सभी आरओ से जानकारी ली। उन्होंने निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन हेतु उपस्थित संबंधित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों का शब्दसः पालन करते हुए, निर्वाचन के सफल संपादन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु प्रतिदिन के कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान कराने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के संबंध में निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डेमोंस्ट्रेशन हेतु उपलब्ध ईवीएम मशीन का वृहद स्तर पर प्रदर्शन मतदाता, उम्मीदवार व राजनीतिक दल के सदस्यों के बीच हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही ताकि मतदाता व अन्य ईवीएम मशीन से भली भांति परिचित होकर अपने मताधिकार का सही प्रयोग कर सके।कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण समय पर करने तथा सभी तैयारियां चेकलिस्ट के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि त्रुटि की स्थिति नगण्य हो।बैठक में मतदान एवं मतगणना दिवस पर निर्बाध बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ साथ वाहन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप अंतर्गत जाबो कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन के तहत सौंपे गये दायित्व अंतर्गत सभी तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई ताकि निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुके कलेक्टर ने मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने, शहरी क्षेत्र में दीवार लेखन कराने, कचरा उठाने वाले वाहनों में बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने डाक मतपत्र, ईडीपी में गोपनीयता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान दिवस के दिन हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, किसी मतदान केन्द्र में मशीन में खराबी आने पर उसे बदलने हेतु रिजर्व मशीन की व्यवस्था, तथा मतदान दलों से वोटिंग के पश्चात मशीनों को प्राप्त करने एवं स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगन्नाथ वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व आरओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्वाचन संबंधी सहायता व शिकायत के लिए संयुक्त जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

-संवाददाता-
सूरजपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दौरान मतदाताओं की सहायता व शिकायत और निर्वाचन संबंधित विभिन्न सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट में कक्ष क्रमांक (एच-12) में कंट्रोल रूम अर्थात नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नंबर 07775-266116 है। आमजन निर्वाचन संबंधी सहायता तथा शिकायत के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# नगर पंचायतों में ईवीएम का प्रदर्शन करके मतदान के लिए किया जा रहा है लोगों को जागरूक







-संवाददाता-
सूरजपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कराया जा रहा है।इसी क्रम में नगर पंचायत बिश्रामपुर के विभिन्न स्थलों में ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है । मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम के प्रदर्शन के दौरान मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

### नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन की कार्यवाही संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन में नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए ई.वी.एम. मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन की कार्यवाही विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में संपन्न की गई। गौरतलब है कि रेंडमाइजेशन के पश्चात नगरीय निकायों में आवंटित मशीनों को पृथक पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी। इस रेंडमाइजेशन कार्यवाही के अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।




न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा)भैयाथान जिला सूरजपुर(छ0ग0)

::-ईश्तहार::-

रा0प्र0क्र0/अ-2/2024-2025

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद इन्दरपुर को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक कुमार पिता/पति श्री शैलेष सिंह निवासी इन्दरपुर के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं0 913/1 रकबा 0.97 हे0 में से 0.20 हे0 जो ग्राम औद्योगिक प0ह0न0 22 रा0नि0मं0 ओड़गी तहसील ओड़गी जिला सूरजपुर में स्थित है के औद्योगिक भू परिवर्तन (डायवर्सन)हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतःउक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्ष0 इन्दरपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 18/02/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

# जिनकी पत्नी को पूर्व विधायक पटना नगर पंचायत का कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी बनाने की लड़ रही थी लड़ाई

## उन्हीं का पार्टी से निष्कासन वह नहीं रोक पाईं ?

**जिनकी पत्नी थी नगर पंचायत पटना के लिए अध्यक्ष पद की दावेदार उसी के पति को निर्दल होकर पार्षद प्रत्याशी बनना पड़ा भारी कांग्रेस ने किया पार्टी से निष्कासित**

**कोरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने निर्दलीय लड़ने वाले चार कांग्रेसियों को पार्टी से किया निष्कासित**

**पार्टी से बगावत करके पटना नगर पंचायत में पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाले तीन लोगों का व अध्यक्ष पद से पत्नी को लड़वाने वाले एक का हुआ निष्कासन**

**कांग्रेस द्वारा निष्कासित चार लोगों में से तीन मुस्लिम तो एक ब्राह्मण**


अमित पाण्डेय



रियाज कुरेशी


अब्दुल इंसार


वाहिद खान

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के नवीन नगर पंचायत पटना में पहली बार हो रहे चुनाव की सरगर्मी इतनी तेज होती जा रही है बगावत करने वाले पार्टी कार्यवाही का शिकार भी हो रहे हैं, वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष द्वारा पटना नगर पंचायत में पार्टी के विरुद्ध जाकर निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ने वाले तीन कांग्रेसियों को निष्कासित किया गया है, वहीं एक को इसलिए निष्कासित किया गया है क्योंकि उसने अपनी पत्नी को अध्यक्ष पद के लिए निर्दल खड़ा किया है, वहीं इसमें से एक कांग्रेसी ऐसे हैं जिनकी पत्नी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाने के लिए ऊपर तक नाम भेजा गया था, स्थानीय कांग्रेस से वहीं पूर्व विधायक उनकी पत्नी को टिकट दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दी थी, पर अंततः उनका टिकट तय नहीं हो पाया और उनके पति अब जाकर दूसरे वार्ड से निर्दलीय पार्षद का नामांकन भरकर चुनाव मैदान में उतर चुके हैं, पर वही पार्टी ने उन्हें निष्कासित भी कर दिया है, अब ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जिसके लिए पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के लिए केवल आगे थी क्या वह निष्कासन से उन्हें बचा नहीं पाई? या फिर दूसरे पार्टी में जाने के लिए उन्हें यह रास्ता मिल गया? माना ऐसा जा रहा है कि निष्कासन कहीं ना कहीं अमित पांडे के लिए भाजपा में जाने का रास्ता साफ कर दिया है, वैसे निष्कासित होने वाले में रियाज कुरेशी, अमित पाण्डेय, अब्दुल इंसार, वाहिद खान है, यह चारों कांग्रेस के सच्चे सिपाही माने जाते थे पर अचानक पार्टी विरोधी कार्य करने की वजह से उन्हें निष्कासन की कार्यवाही से जूझना पड़ रहा है अब ऐसे में उनके लिए आगे का रास्ता क्या होगा यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे ऐन चुनावी दौर में जब एक एक वोट की लड़ाई प्रत्याशी और पार्टी लड़ रहे हैं यह निष्कासन नुकसानदायक होगा पार्टी और प्रत्याशी के लिए ऐसा माना जा रहा है क्योंकि निष्कासित सभी जनाधार रखते हैं जो अब कहां जाएगा तय नहीं है। वैसे अध्यक्ष पद सहित पार्षद पद की लड़ाई लड़ रहे निष्कासित चारों कांग्रेसी अब स्वतंत्र हैं और वह तभी मान चुके थे अपना निष्कासन जब उन्होंने पार्टी से बगावत करके नामांकन निर्दल बतौर किया था। अब कांग्रेस का जिला संगठन चार लोगों के निष्कासन के बाद यह मानकर चल रहा है कि अब उन्हें बगावती लोगों से कोई लेना देना नहीं है जबकि वह यह भूल रहे हैं कि बगावती उनके लिए मुश्किल बन सकते हैं।


**कार्यालय**
**जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया**

राजीव भवन, कुमार चौक बैकुण्ठपुर,
जिला–कोरिया (छ.ग.), 497335
मोबाईल नंबर — 9425256776, 8839528492
Email – dcckoriyacongress@gmail.com

पत्र क्रमांक 456/DCC/Korea
दिनांक 05/02/25

-:निष्कासन आदेश :-

| क्र. | नाम | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रियाज कुरैशी की पत्नी अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती रैमुन कुरैशी (निर्दलीय) | जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कोरिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। |
| 2 | श्री अमित पाण्डेय पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्र. 15 (निर्दलीय) | जिला सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। |
| 3 | श्री अब्दुल इंसार (इशु) पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्र. 09 (निर्दलीय) | निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस कोरिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। |
| 4 | श्री वाहिद खान की पत्नी पार्षद प्रत्याशी श्रीमती नसीम वाहिद बनो वार्ड क्र. 12 (निर्दलीय) | जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ कांग्रेस कोरिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पार्षद प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। |

आप सभी नगर पंचायत पटना, जिला–कोरिया (छ.ग.) में होने वाले अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव में अधिकृत रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़कर कांग्रेस पार्टी के नियम एवं सिद्धांतों का उल्लंघन किया है, जो कि अनुशासन हीनता है।

अतः आप सभी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

05/02/25
प्रदीप गुप्ता
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया

प्रतिलिपि :—
1. माननीय श्री दीपक बैज जी, अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर को सादर सूचनार्थ.

### पूर्व विधायक बैकुंठपुर के खास समर्थक थे अमित पाण्डेय,पत्नी की दावेदारी लिए उनके पूर्व विधायक थीं प्रयासरत,हुआ निष्कासन

अमित पाण्डेय पूर्व विधायक बैकुंठपुर के खास समर्थक माने जाते थे।उनकी पत्नी के पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए पूर्व विधायक ही सबसे ज्यादा प्रयासरत थीं ऐसा माना जा रहा था वहीं उनकी पत्नी की दावेदारी जब समाप्त हुई उन्होंने पार्षद पद के लिए वार्ड क्रमांक 15 से निर्दलीय दावेदारी प्रस्तुत कर दी वहीं उनकी निर्दलीय पार्षद पद की दावेदारी से ही पार्टी ने उन्हें छः साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।वैसे जो अध्यक्ष पद का दावेदार था उसे पार्षद का भी मौका पार्टी ने नहीं दिया और अंत में जब वह निर्दल मैदान में कूदा उसका निष्कासन कर दिया पार्टी से।

### रियाज कुरैशी पहले से थे ठान चुके,पत्नी को बनाएंगे अध्यक्ष पद का निर्दलीय दावेदार,अंत में हुए पार्टी से बाहर

रियाज कुरैशी भी कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता थे।उनका पहले से मन बन चुका था कि वह पत्नी को अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय चुनावी मैदान में उतारेंगे यदि अध्यक्ष पद का आरक्षण अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित होता है हुआ भी वैसा ही उन्होंने अपनी पत्नी को सीधे निर्दलीय मैदान में उतारने का निर्णय ले लिया वहीं उन्होंने पार्टी से टिकट की मांग जरूर की लेकिन उनके पक्ष में कांग्रेस का कोई बड़ा नेता खड़ा नहीं हुआ जिस कारण उन्हें मौका नहीं मिला और वह अंत में निर्दलीय चुनाव में उतरने मजबूर हुए। अब उनका भी निष्कासन हो चुका है,पार्टी ने छः साल के लिए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

### कांग्रेस पार्टी ने तीन मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिखाया पार्टी से बाहर का रास्ता, हो सकता है पार्टी को नुकसान

कांग्रेस पार्टी ने ऐन चुनाव के वक्त पार्टी से तीन मुस्लिम समुदाय के युवकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मुस्लिम समुदाय कांग्रेस का एकतरफा समर्थक माना जाता है ऐसे में यह निष्कासन ऐन चुनाव के वक्त पार्टी को भारी न पड़ जाए। वैसे पार्टी ने निष्कासन के पहले विचार विमर्श किया होगा यह भी तय है और सोच समझकर ही पार्टी ने निर्णय लिया होगा।

### कांग्रेस पार्टी ने टिकट वितरण में किया विलंब इसलिए भी हुई बगावत,निर्दलीय लड़ने वाले कांग्रेसी संख्या में हुए ज्यादा

कांग्रेस पार्टी में सबसे ज्यादा बगावत हुई और इसका कारण था कि पार्टी ने टिकट वितरण में विलंब किया। पार्टी ने अध्यक्ष पद सहित पार्षद पद के लिए बांटे जाने वाले टिकट का वितरण जल्द और नियम से किया होता कोई बगावत या इतनी बड़ी बगावत नहीं होती। अध्यक्ष पद का एक ही टिकट देना तय था नियमानुसार तो अन्य दावेदारों को पार्षद पद के लिए मनाना था लेकिन पार्टी ने अध्यक्ष का टिकट मांगने वाले एक का छोड़कर अन्य को सीधे चुनाव से बाहर कर दिया यह पार्टी की गलती मानी जाएगी क्योंकि पार्टी ने बिना राजनीति टिकट वितरण किया।

---

## आदिवासी बालक आश्रम प्रभारी अधीक्षिका निलंबित

**निलंबित**

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

आदिवासी बालक आश्रम कटगोड़ी में प्रशासनिक लापरवाही और गंभीर आरोपों के चलते प्रभारी आश्रम अधीक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक शिक्षा, सरगुजा संभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर के माध्यम से की गई।

अधीक्षिका पर आरोप है कि उन्होंने अपने आश्रम में कार्यरत अजय कुमार कनौजिया (भृत्य) द्वारा पिछले आठ माह से एक छात्र के साथ किए जा रहे यौन उत्पीड़न को छुपाया और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को नहीं दी। इसके अलावा, आश्रम में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया, स्वच्छता की कमी रही, पालकों से संपर्क नहीं किया गया, निगरानी समिति की बैठकें नहीं हुईं और शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ बच्चों को नहीं दिया गया। प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर मीना कुर्रे के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम 3 (1) (एक), (दो) और (तीन) के उल्लंघन का दोषी मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में अधीक्षिका को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी, और उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत में निर्धारित किया गया है। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि आश्रमों में बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## किडनी की समस्या से ग्रसित होने के बाद भी अरविंद सिंह लड़ रहे हैं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से चुनाव

» चुनाव लड़ने का ऐसा जज्बा की डायलिसिस के दौरान नामांकन फॉर्म भरने के लिए रायपुर अस्पताल से छुट्टी लेकर पहुंचे गृह क्षेत्र

» किडनी से ग्रसित प्रत्याशी खुद तो चुनाव लड़ ही रहे हैं वह अपनी पत्नी को भी जनपद का चुनाव लड़वा रहे हैं

» स्वयं लड़ रहे हैं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से चुनाव और पत्नी को लडवा रहे हैं जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 से चुनाव

-संवाददाता-
बैकुंठपुर/ पटना,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

खुद की दोनों किडनी खराब हो जाने के बाद और डायलिसिस की स्थिति से दो चार होते हुए भी चिरगुड़ा निवासी अरविंद सिंह कोरिया जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से खुद चुनावी मैदान में हैं और वह हाल ही में एम्स रायपुर से छुट्टी कराकर अपनी पहुंचे हैं जहां वह लगातार डायलिसिस की प्रकिया से गुजर रहे थे।

बता दें कि वह खुद तो चुनावी मैदान में हैं ही वहीं वह अपनी पत्नी को भी बैकुंठपुर विकासखंड के जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 से चुनाव लड़वा रहे हैं। अरविंद सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के शीर्ष नेता हैं और वह पहले से ही इस चुनाव में उतरने का मन बना चुके थे लेकिन इसी बीच उनका स्वास्थ्य खराब हुआ और साथ ही किडनी दोनों खराब हो गई और वह डायलिसिस की स्थिति में पहुंच गए। वह डायलिसिस की स्थिति में ही अब नामांकन दाखिल कर चुके हैं और उसी स्थिति में वह खुद के






लिए और अपनी पत्नी के लिए मतदाताओं से मत की अपील करेंगे यह उनकी अगली रणनीति समझ में आ रही है।अरविंद सिंह जुझारू नेता माने जाते हैं और क्षेत्र में लोग उनकी जुझारू छवि से वाकिफ हैं। अरविंद सिंह के लिए स्वस्थ रहते हुए दिन दिन और रात रात नहीं हुआ करता था और वह राजनीति सहित समाजिक कार्य के रत रहते हैं। अरविंद सिंह के स्वास्थ्य खराब होने के बाद से ऐसा लग रहा था कि वह राजनीति से संन्यास लेंगे लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है और लगता है कि अरविंद सिंह अब अपनी शारीरिक समस्याओं को चुनौती देते हुए राजनीति से जुड़े रहने वाले हैं और जिला सहित जनपद चुनाव में पति पत्नी दोनों के नामांकन के बाद से यह लगने भी लगा है। अरविन्द सिंह के चुनावी मैदान में प्रत्याशी बनकर आने के बाद से अब जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 का चुनाव काफी रोचक नजर आने लगा है और अब मतदाताओं का क्या निर्णय होता है यह देखने वाली बात होगी।



## स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर सूरजपुर में पॉलियूटीव केयर (कारूण्या) राष्ट्रीय कार्यक्रम ट्रेनिंग का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,05 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

संचालक आयुष रायपुर के आदेश अनुसार जिला आयुष अधिकारी अंबिकापुर डॉक्टर शशि बाला जायसवाल एवं जिला आयुष अधिकारी सूरजपुर डॉ अबुल फैज़ के मार्गदर्शन में स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर सूरजपुर में पॉलियूटीव केयर (कारूण्या) राष्टीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक , पंचकर्म सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही जिस चिकित्सालय में फार्मासिस्ट नहीं हैं वहां के आयुष चिकित्सक भी इस ट्रेनिंग के हिस्सेदार रहे हैं। पॉलियूटीव केयर(कारूण्या) कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में जनवरी माह से प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत लकवा ,कैंसर ,तंत्रिका संबंधी किडनी की बीमारी, उदार रोग, एड्स से ग्रसित मरीज का आयुष जीवन शैली , दवाई, पंचकर्म, योग इत्यादि के माध्यम से आयुष सेवा प्रदान करती है घर भ्रमण प्रत्येक शनिवार एवं प्रत्येक मंगलवार को ओपीडी सेवा प्रदान की जा रही हैं, जिसमें परिजन अपने सैयाग्रस्त रोगी का पंजीयन करा कर पॉलियूटीव केयर(कारूण्या )कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष पद्धति से सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर डॉक्टर कुलदीप द्विवेदी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में डॉक्टर अबुल फैज जिला आयुष अधिकारी सूरजपुर उपस्थित रहे इसके साथ ही डॉक्टर संतोष सिंह डॉक्टर ,सपना जायसवाल डॉ अनीता पैकरा, डॉक्टर निकिता टोप्पो उपस्थिति रहे।

## पोंटिंग ने मिशेल मार्श के विकल्प के रूप में मिच ओवेन को लेने का दिया सुझाव



**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए चोटिल मिशेल मार्श की जगह अनकैप्ड ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को टीम में शामिल करना चाहिए।ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम में अहम भूमिका निभाने वाले मार्श को पिछले महीने पीठ की चोट के कारण आगामी प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया था और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के पास उनके रिप्लेसमेंट को अंतिम रूप देने के साथ आईसीसी को 15 सदस्यीय अपनी अंतिम टीम घोषित करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है।

# पहले वनडे के लिए स्क्वायॅड का किया गया ऐलान

### » 6 अनकैप्ड खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब अधिक दिन नहीं बचे हैं ऐसे में इसमें हिस्सा लेने वाली सभी 8 टीमों में से बांग्लादेश और अफगानिस्तान को छोड़कर बाकी सभी टीमें अपनी तैयारियों को परखने के लिए वनडे सीरीज खेल रही हैं। इंग्लैंड की टीम जहां भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलने वाली है तो वहीं पाकिस्तान अपने घर पर साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज खेलेगी। इस सीरीज को लेकर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ने जहां अपनी टीम का ऐलान कर दिया था तो वहीं अब साउथ अफ्रीका ने अपने पहले मुकाबले के लिए 12 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान किया है, जिसमें 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को जगह मिली है।



### गेराल्ड कोएत्जे की हुई स्क्वायॅड में वापसी

साउथ अफ्रीका की टीम को ट्राई सीरीज में अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ 10 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेलना है। इस मैच को लेकर अफ्रीका ने जो अपनी 12 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान किया है उसमें तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जे की वापसी हुई है जो पिछले काफी समय से अनफिट होने की वजह से नहीं खेल पा रहे थे। वहीं टीम में 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को भी जगह मिली है क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी की स्क्वाड में शामिल अहम प्लेयर्स अभी ${\rm SA}20$ में खेल रहे हैं और वह ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले के बाद ही अफ्रीकी टीम के साथ जुड़ पाएंगे। इसमें ईथन बॉश, मिहलाली मपोंगवाना, गिदोन पीटर्स, मीका-ईल प्रिंस का नाम है। इसके अलावा टेस्ट और टी20 में डेब्यू कर चुके मैथ्यू ब्रीट्जके और टेस्ट में डेब्यू कर चुके सेनुरान मुथुसामी का नाम शामिल है।

### ट्राई सीरीज के पहले मैच के लिए साउथ अफ्रीकी टीम का स्क्वायॅड

टेम्बा बावुमा (कप्तान), ईथन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, गेराल्ड कोएत्ज़ी, जूनियर डाला, वियान मुल्डर, मिहलाली मपोंगवाना, सेनुरान मुथुसामी, गिदोन पीटर्स, मीका-ईल प्रिंस, जेसन स्मिथ, काइल वेरिन।

### चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान से खेलेगी अफ्रीकी टीम पहला मुकाबला

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में साउथ अफ्रीका की टीम को ग्रूप-बी में जगह मिली है, जिसमें उन्हें अपना पहला मुकाबला 21 फरवरी को अफगानिस्तान की टीम से कराची के नेशनल स्टेडियम में खेलना है। वहीं इसके बाद अफ्रीकी टीम को अपने अगले 2 मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ 25 फरवरी और एक मार्च को खेलना है। इस अहम टूर्नामेंट के लिए अफ्रीका ने पहले ही अपनी टीम का ऐलान कर दिया था।

### साउथ अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए स्क्वायॅड

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडन माक्ररम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, एनरिक नॉर्खिया, कगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन।

# अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास

### आईसीसी टी 20 रैंकिंग में लगा दी भयंकर छलांग

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** अभिषेक शर्मा का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में ऐसा चला कि दुनियाभर के बल्लेबाज पीछे रह गए। आईसीसी की ओर से टी20 की जो नई रैंकिंग जारी की गई है, उसमें अभिषेक शर्मा ने जबरदस्त छलांग मार दी है। वे पहले नंबर पर तो नहीं पहुंच पाए, लेकिन टॉप के काफी करीब हैं और ट्रेविस हेड की चिंता उन्होंने बढ़ा दी है।



### अभिषेक शर्मा ने मारी 38 स्थानों की छलांग

आईसीसी की ओर से इस बार टी20 की जो नई रैकिंग जारी की गई है, उसमें अभिषेक शर्मा ने लंबी छलांग मारी है। इस बार 38 स्थानों के उछाल के साथ वे नंबर दो पर पहुंच गए हैं। ये अभिषेक शर्मा की ऑलटाइम हाई रैंकिंग है। दरअसल उन्होंने पहली बार टॉप 10 में एंट्री की है और इसके साथ ही दूसरे नंबर पर भी पहुंच गए हैं। हालांकि पहले नंबर पर अभी भी ट्रेविस हेड का कब्जा है। हेड की रेटिंग इस वक्त 855 की है। वहीं बात अगर अभिषेक शर्मा की करें तो वे 829 की रेटिंग के साथ नंबर दो पर काबिज हो गए हैं। अभिषेक के आगे आने से सारे बल्लेबाजों को अपने स्थान से एक एक पायदान नीचे जाना पड़ा है।

### इस बार की रैंकिंग में कई बल्लेबाजों को नुकसान

इस वक्त आईसीसी की टी20 रैंकिंग में भारत के तिलक वर्मा एक स्थान के नुकसान के साथ नंबर 3 पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग 803 की है। इंग्लैंड के फिल साल्ट की बात की जाए तो उन्हें भी एक स्थान का नुकसान हुआ है, वे अब 798 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर चले गए हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव को भी एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है, वे अब 738 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं।

### इन बल्लेबाजों को भी नुकसान

इन टॉप 5 बल्लेबाजों के बाद की अगर बात की जाए तो इंग्लैंड के जॉस बटलर को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे इस वक्त 729 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम एक स्थान के नुकसान के साथ नंबर सात पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग 712 की है। श्रीलंका के प थुम निसंका 707 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 704 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। श्रीलंका के कुसल परेरा हालांकि अपनी दसवें नंबर की कुर्सी बचाने में सफल रहे हैं। उनकी रेटिंग अभी 675 की चल रही है।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच का वेन्यू बदला

### रोहतक नहीं अब यहां होगी मुंबई-हरियाणा की भिड़ंत

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** भारत के प्रतिष्ठित घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के क्वार्टर फाइनल राउंड के लिए सभी 8 टीमें तय हो गई हैं। सभी क्वार्टर फाइनल मैच आठ से 12 फरवरी के बीच पांच दिन तक खेले जाएंगे। इस बीच एक क्वार्टर फाइनल मैच के वेन्यू में अचानक बदलाव हो गया है। मुंबई और हरियाणा के बीच खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच का वेन्यू बदल दिया गया है। हालांकि इसके पीछे की वजह अब तक सामने नहीं आ सकी है। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई और हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मैच पहले रोहतक के लाहली में खेला जाना था लेकिन अब ये मुकाबला कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। मुंबई और हरियाणा के बीच मैच के स्थल में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन पता चला है कि उत्तर भारत में सुबह के समय धुंध के कारण खेल प्रभावित हो सकता है और इसलिए यह फैसला किया गया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि हमें बीसीसीआई से सूचना मिली है कि हरियाणा के खिलाफ हमारा क्वार्टर फाइनल ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। अन्य तीन क्वार्टर फाइनल राजकोट (सौराष्ट्र बनाम गुजरात), नागपुर (विदर्भ बनाम तमिलनाडु) और पुणे (जम्मू कश्मीर बनाम केरल) में खेले जाएंगे।



## बेथ मूनी की जगह एश्ले गार्डनर गुजरात जायंट्स की कप्तान बनी

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन से पहले, गुजरात जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी बेथ मूनी की जगह लेंगी, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी की थी। गुजरात डब्ल्यूपीएल के पहले दो सीजन में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी और अब वह 14 फरवरी को वडोदरा में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन की शुरुआत में अपनी किस्मत बदलने की कोशिश कर रही है।



गुजरात जायंट्स की कप्तानी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीजन में इस शानदार ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं।

## वरुण चक्रवर्ती का आईसीसी टी 20 रैंकिंग में जलवा

### टॉप के बहुत करीब पहुंचे...

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में कमाल का खेल दिखाया है। पांच मैचों की सीरीज में उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके बाद उनकी लॉटरी लगी और अब वे इंग्लैंड के ही खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी खेलते हुए नजर आएंगे। उन्हें अचानक टीम में एंट्री मिली है। इस बीच आईसीसी ने टी20 की जो नई रैंकिंग जारी की गई है, उसमें भी वरुण चक्रवर्ती ने लंबी छलांग मारी है। वे टॉप पर तो नहीं जा पाए, लेकिन इतना जरूर है कि टॉपर बनने के काफी करीब हैं।



### वरुण चक्रवर्ती और आदिल रशीद की बराबरी हुई रेटिंग,अकील हुसैन आगे निकले

आईसीसी की ओर से टी20 की जो नई रैंकिंग जारी की गई है, उसमें इंग्लैंड के आदिल रशीद को नुकसान हुआ है, वे पहले से दूसरे स्थान पर चले गए हैं। इस बीच बिना खेल ही वेस्टइंडीज के अकील हुसैन पहले नंबर पर काबिज हो गए हैं। अकील हुसैन की रैंकिंग इस वक्त 707 की है, वहीं आदिल रशीद 705 की रेटिंग के साथ नंबर दो पर पहुंच गए हैं। 705 की रेटिंग ही वरुण चक्रवर्ती की हो गई है, इसलिए वे भी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बार की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती ने तीन स्थानों की छलांग मारी है।

### इन गेंदबाजों को हुआ नुकसान

वरुण चक्रवर्ती के दूसरे नंबर पर पहुंचने से कई गेंदबाजों का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा 698 की रेटिंग के साथ अब नंबर चार पर चले गए हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। एडम जेम्पा को भी एक स्थान नीचे आना पड़ा है, वे अब 694 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं।

### रवि बिश्नोई ने भी लगाई छलांग

इस बीच भारत के ही रवि बिश्नोई ने भी छलांग मारी है। उन्हें इस बार चार स्थानों का फायदा हुआ है। वे अब 671 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के महीशा तीक्ष्णना 665 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर कब्जा बनाए हुए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान का भी कब्जा आठवें नंबर पर है। उनकी रेटिंग 664 की है। अर्शदीप सिंह को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 652 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर चले गए हैं। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर को भी इस बार चार स्थान नीचे जाना पड़ा है, वे अब 649 की रेटिंग के साथ नंबर 10 पर खिसक गए हैं।

## डेविड मिलर ने रचा इतिहास

### 500 छक्के लगाने वाले साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली,05 फरवरी 2025।** साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने वो कारनामा कर दिया हो जो साउथ अफ्रीका को कोई खिलाड़ी नहीं कर सका। साउथ अफ्रीका के 2 दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स और फॉफ डुप्लेसी भी डेविड मिलर से पीछे रह गए। दरअसल एसए20 लीग में डेविड मिलर ने अपने टी20 क्रिकेट में 500 छक्के पूरे किए। इसी के साथ डेविड मिलर टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने साउथ अफ्रीका के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। एसए20 लीग में डेविड मिलर पर्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। 4 फरवरी को एमआई केपटाउन और पार्ल रॉयल्स के बीच एसए20 का पहला क्वलीफायर खेला गया। इस मैच में डेविड मिलर ने टी20 क्रिकेट में अपना 500वां छक्का पूरा किया। खास बात यह है कि उन्होंने अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान की गेंद पर छक्का जड़ अपना 500वां टी20 छक्का पूरा किया। डेविड मिलर टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।



# सुपरहिट सिंगर ने संभाली हीरो की कमान

### क्रिंज डायलॉग और बेतुके एक्शन की खूब हुई किरकिरी... अब होगा बीओ धमाका?

बॉलीवुड सिंगर हिमेश रेशमिया ने अपने करियर में 150 से ज्यादा से फिल्मों में अपने मधुर संगीत से लोगों का मन रिझाया है। 1 फिल्म फेयर समेत कुल 11 से ज्यादा बड़े अवॉर्ड्स जीतने वाले 2 दिन बाद हिमेश रेशमिया बतौर हीरो बड़े पर्दे पर गुंडों की कमर तोड़ते नजर आने वाले हैं। हिमेश की फिल्म बेडएस रविकुमार 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर बीते दिनों रिलीज कर दिया गया था और एक बार फिर से हिमेश रेशमिया एक्शन के मूड में नजर आ रहे हैं।
इससे पहले 2014 में भी हिमेश रेशमिया ने अपनी फिल्म द एक्सपोज में धमाकेदार एक्शन किया था। इस फिल्म के किरदार का नाम भी रवि कुमार ही था। इस फिल्म में के डायलॉग्स को लोगों ने क्रिंज कहा और बेतुके एक्शन को लेकर काफी आलोचना हुई। साथ ही फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। अब हिमेश रेशमिया ने एक बार फिर बड़े पर्दे पर बतौर हीरो गुंडों के छक्के छुड़ाने की तैयारी कर ली है।

### सिंगर से हीरो बने हिमेश रेशमिया

बता दें कि हिमेश रेशमिया हीरो बनने से पहले ही एक सुपरहिट सिंगर और म्यूजिक कंपोजर के तौर पर बॉलीवुड में नाम कमा चुके थे। साल 1998 में आई फिल्म प्यार किया तो डरना क्या फिल्म के सुरों को सजाने वाले हिमेश रेशमिया इस फिल्म के बाद हिट हो गए। इसके बाद बंधन, हेलो ब्रदर, दुल्हन हम ले जाएंगे और कुरुक्षेत्र जैसी फिल्मों का म्यूजिक कंपोज कर खूब नाम कमाया। 2000 के दशक में हिमेश रेशमिया बॉलीवुड के सुपरहिट सिंगर और म्यूजिक कंपोजर के तौर पर स्थापित हो गए। इसके बाद 2007 में हिमेश ने बतौर हीरो बड़े पर्दे पर एंट्री मारी। 29 जून 2007 को रिलीज हुई फिल्म तेरा सुरूर में हिमेश ने एक्टिंग की और इस फिल्म के गाने सुपरहिट रहे। साथ ही फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक कमाई कर ली। इसके बाद हिमेश रेशमिया ने लगातार फिल्मों में हीरो का किरदार निभाया। 2008 में कर्ज, 2009 में रेडियो, 2010 में कजरारे, 2011 में दामन जैसी फिल्मों में बतौर एक्टर काम किया। इसके बाद 2012 में आई हिट फिल्म खिलाड़ी 786 में भी अच्छा किरदार निभाया। इस फिल्म में हिमेश ने साइड रोल किया और अक्षय कुमार के साथ आसिन हीरोइन के तौर पर नजर आईं। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



### 2014 में दिखाया दमदार एक्शन

इसके बाद साल 2014 में हिमेश रेशमिया ने फिल्म द एक्सपोज बनाई। इस फिल्म के हीरो और जबरदस्त एक्शन के साथ खुद हिमेश रेशमिया ने लोगों का दिल जीतना चाहा। हिमेश रेशमिया के इस किरदार को लोगों ने क्रिंज डायलॉग्स से भरा और बेतुके एक्शन का टेग दिया। साथ ही फिल्म भी फ्लॉप हो गई। इसके बाद हिमेश रेशमिया लगातार फिल्में करते रहे लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। अब हिमेश 7 फरवरी को अपनी फिल्म बेडएस रविकुमार में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म में हिमेश के साथ प्रभुदेवा भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं।



# स्टाइलिश गाउन पहन सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक

सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं।टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका हर एक स्टाइल फॉलो करते हैं।

# कांग्रेस ने जारी किया जन घोषणा-पत्र

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह का आज छत्तीसगढ़ दौरा



**रायपुर,05 फरवरी 2025(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह डोंगरगढ़ का दौरा करेंगे, जहां उनका कार्यक्रम पूरी तरह से तय हो चुका है। केंद्रीय गृहमंत्री दोपहर 12.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां उनका स्वागत किया जाएगा।इसके बाद, गृहमंत्री शाह रायपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के जरिए डोंगरगढ़ के लिए रवाना होंगे। उनके दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### अभी जेल में ही रहेंगे पूर्व आबकारी मंत्री



#### कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका

**रायपुर,05 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुए 2100 करोड़ के शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की विशेष अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### विधायक ने निर्दलीय प्रत्याशी को दी गोली मारने की धमकी




**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,05 फरवरी 2025(ए)।** जिले के स्थानीय विधायक प्रणव मरपच्ची पर चुनाव प्रचार के दौरान गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। वार्ड क्रमांक 2 से निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी संतोष कुमार केवट ने विधायक पर यह आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग भी की है। संतोष केवट का कहना है कि वह अपने सहयोगियों राजू केवट और रामेश्वर सोनी के साथ निर्दलीय अध्यक्ष पद प्रत्याशी (गिलास छाप) के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान विधायक प्रणव मरपच्ची वहां पहुंचे और उन्हें गोली मारने की धमकी दी।

### नक्सलियों ने फिर ग्रामीण को उतारा मौत के घाट



**दंतेवाड़ा,05 फरवरी 2025(ए)।** सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद भी नक्सली अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छिटपुट घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीत अब नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। माओवादियों ने दंतेवाड़ा जिले में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला अरनपुर थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों ने ककाड़ी गांव के हडमा हेमला की हत्या की है। धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का किया बहिष्कार



**बलौदाबाजार,05 फरवरी 2025(ए)।** जिले में कसडोल ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोट से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए किसी भी व्यक्ति ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। लोगों ने भी चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। इसके लिए गांव में बाकायदा मुनादी करवाई गई है। दरअसल लोग गांव के करीब चल रहे क्रेशर स्टोन खदान को बंद करने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि खदान की गहराई बढ़ाने के साथ पूरे इलाके का पानी रसातल में पहुंच गया है। इससे पूरे गांव का बड़ा संकट खड़ा हो गया हैं।

---

» **निकाय अध्यक्षों को चेक हस्ताक्षर अधिकार की वाससी सहित कई वादें**

» **जनता के लिए क्या है खास कांग्रेस के घोषणा-पत्र में**



**रायपुर,05 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 10 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज राजीव भवन रायपुर में जन घोषणा पत्र जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी किया।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र को सीएम साय ने कहा अटल संकल्प पत्र का कॉपी पेस्ट

नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री



विष्णु देव साय ने भाजपा के अटल संकल्प पत्र' का कॉपी-पेस्ट बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर पिछले नगरीय निकाय चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में प्रमुख मुद्दें


- ➢ तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण की विषेश पहल की जाएगी।
- ➢ घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम बनाए जाएंगे।
- ➢ शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी।
- ➢ महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।
- ➢ सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था की जाएगी।
- ➢ श्रद्धांजलि राशि योजना के तहत बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए दिया जाएगा।
- ➢ निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।
- ➢ सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी।
- ➢ आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा दी जाएगी।
- ➢ मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।
- ➢ प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी।
- ➢ प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त निःशुल्क लायब्रेरी खोला जाएगा।
- ➢ नगरीय निकाय द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा।
- ➢ यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जाएगा।
- ➢ शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
- ➢ पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा।
- ➢ चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जाएगा एवं वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय के लिए उचित स्थान दिया जाएगा।
- ➢ विकास कार्य में पारदर्शिता सामूहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिए गए अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं ➢ नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।
- ➢ कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।
- ➢ सामुदायिक भवन की ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम लागू करेंगे।
- ➢ शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने के लिए धारणा अधिकार दिया जाएगा।
- ➢ सभी को पात्रतानुसार वृध्दा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाएगा।
- ➢ सभी सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।
- ➢ सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण।
- ➢ स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे।
- ➢ जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टीफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगा।
- ➢ युवाओं को रोजगार देने के लिए सभी निकाय क्षेत्रो में यूथ हब बनाया जाएगा।
- ➢ महिला स्वसहायता समूहो को रोजगार देने विशेष पहल।
- ➢ सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे।
- ➢ कांग्रेस शासित सभी निकायों में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया जाएगा।
- ➢ संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भूगतान करने पर विषेश छूट प्रदान की जाएगी।
- ➢ सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जाएगा।
- ➢ प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जाएगा।
- ➢ नगरों को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाया जाएगा।

---

## जन सूचना अधिकारियों पर साढ़े 5 करोड़ का जुर्माना

» **जमा हुए केवल 51 लाख**

» **वसूली को लेकर गंभीर नहीं सरकारें**




**रायपुर,05 फरवरी 2025(ए)।** देश भर में सूचना का अधिकार कानून के आने के बाद लोग यह उम्मीद करने लगे थे कि इससे सरकार के अधीन कार्यरत विभागों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और करप्शन पर लगाम लगेगी। शुरुआत में तो ऐसा होता नजर भी आया, मगर कालांतर में धीरे-धीरे इस कानून की धार भोथरी कर दी गई और आज तो मानो अधिकारियों को इस कानून का भय ही नहीं रह गया है। आंकड़े तो यही बता रहे हैं।

सूचना का अधिकार कानून-2005, इसी नाम से यह कानून पूरे देश जाना जाता है। इसके आने के बाद से सभी शासकीय विभागों में सूचना का अधिकार की अलग शाखा ही बना दी गई। साथ ही जन सूचना अधिकारी भी बनाये गए। छत्तीसगढ़ राज्य में भी इस कानून को अमली जामा पहनाया गया और आरटीआई के तहत जानकरी नहीं दिए जाने पर मामलों की अपील के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग की स्थापना की गई। आयोग के गठन के शुरुआती दौर में तो सब कुछ ठीक चलता रहा मगर कालांतर में यहां प्रकरणों का ढेर लगने लगा।

### अफसर की जेब से वसूली का प्रवधान

दरअसल सूचना के लिए विधिवत आवेदन लगाने के बावजूद विभागों से जानकारी नहीं मिलने पर आवेदक सूचना आयोग की शरण में पहुंचता है। यहां आयोग दोनों पक्षों की सुनवाई करता है और अगर जानकारी देने के मामले में जन सूचना अधिकारी की गलती पाई गई तो उसके के ऊपर जुर्माना लगाते हुए आवेदक को संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश दिया जाता है। अमूमन सारी जानकारी निःशुल्क देने को कहा जाता है, साथ ही जुर्माना और अन्य खर्चे की राशि जन सूचना अधिकारी के वेतन से वसूलने का प्रावधान होता है।

### पहले जुर्माने से डरते थे अफसर

आरटीआई के कानून के प्रारंभिक दौर में तो जन सूचना अधिकारी पर अगर छोटा सा भी जुर्माना लगा दिया जाता तो तो यह खबरों में सुर्खियां बन जाता और अधिकारी भी खुद को अपमानित महसूस करते थे। कोशिश यह होती थी कि विभागीय स्तर पर ही अपील पर सुनवाई करके आवेदक को जानकारी उपलब्ध करा दी जाये, मगर धीरे-धीरे अफसर जानकारी नहीं देने के बहाने ढूंढने लगे और आरटीआई कानून के प्रावधानों में ही तोड़ निकाल कर जानकारी देने से इंकार करने लगे। हालांकि राज्य सूचना आयोग में उनकी एक नहीं चलती और आखिरकार उनके ऊपर हजारों रुपयों का जुर्माना लग जाता है।

### विभागीय अपील में टाल दिया जाता है आवेदक को

प्रदेश में सरकार किसी की भी हो, करप्ट अफसर नियम कायदों को ताक पर रखकर काम करते हैं और जब उनके किसी काम की जानकारी के लिए आरटीआई लगाई जाये तब वे आवेदक को कई तरह के प्रावधान बताकर सूचना देने से इंकार कर देते हैं। हालांकि उन्हें यह भी पता होता है कि आवेदक अपील में जायेगा। विभागीय स्तर पर होने वाली अपील में विभाग का ही वरिष्ठ अधिकारी सुनवाई के लिए नियुक्त होता है। अधिकतर अपीलीय अधिकारी भी उस करप्शन में भागीदार होते हैं, जिसकी जानकारी मांगी जा रही होती है। ऐसे में अपीलीय अधिकारी भी ऋश्नद्ध के कुछ नियमों का प्रावधान बताकर आवेदक को टाल देता है। इसके बाद आवेदक अगर सक्षम हुआ, तब जाकर वह राज्य सूचना आयोग में अपील लगाता है।

### करोड़ों के करप्शन के आगे जुर्माना कुछ भी नहीं

आखिरकार जब मामला राज्य सूचना आयोग पहुंचता है तब वहां विधिवत ढंग से सुनवाई होती है। अमूमन अधिकारी सुनवाई के दौरान ही आवेदक को जानकारी उपलब्ध करा देते हैं। ऐसे में मामले का पटाक्षेप हो जाता है, मगर कई जन सूचना अधिकारी ऐसे होते हैं, जो बार-बार के निर्देश के बावजूद जानकारी उपलब्ध नहीं कराते, तब आयोग में पदस्थ सूचना आयुक्त सुनवाई के बाद संबंधित अधिकारी के ऊपर जुर्माना लगते हुए आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश देते हैं। मगर मजे की बात यह है कि अधिकांश अधिकारी अपने ऊपर लगाया गया जुर्माना नहीं पटाते और ऋश्नद्ध कानून को धता बताते हैं। सच तो यह है कि अधिकारी द्वारा संबंधित कार्य में की गई मोटी कमाई के आगे जुर्माना कुछ भी नहीं होता है, मगर अधिकांश अफसर अपने ऊपर लगाया गया जुर्माना पटाने से बचते रहते हैं।

### ये रहे हैं अब तक के जुर्माने

राज्य सूचना आयोग द्वारा दी गई जानकारी पर अगर नजर डालें तो बीते 12 वर्षों (2012 से 2024 तक) में छत्तीसगढ़ के 38 विभागों के जन सूचना अधिकारियों के ऊपर 5 करोड़ 46 लाख 78 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इतना जुर्माना कुल 3331 प्रकरणों में लगाया गया, मगर अब तक की वसूली केवल 51 लाख 12 हजार 250 रूपये ही हो सकी है, वह भी केवल 434 प्रकरणों के एवज में।


### सबसे ज्यादा जुर्माना इन विभागों पर

राज्य सूचना आयोग द्वारा जिन विभागों पर सबसे ज्यादा जुर्माना विभाजन पर लगाया गया है, वे विभाग सबसे ज्यादा करप्ट हैं, आप यह मान सकते हैं। बता दें कि राज्य सूचना आयोग ने सबसे ज्यादा जुर्माना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जन सूचना अधिकारियों के ऊपर लगाया है। इस विभाग के 2030 प्रकरणों में 3 करोड़ 73 लाख रूपये से भी अधिक का जुर्माना लगाया गया, मगर वसूली केवल 121 प्रकरणों में 21 लाख 33 हजार रूपये की ही हो सकी। यही एक ऐसा विभाग है जिसके अफसरों के ऊपर करोड़ों रुपयों का जुर्माना है। अन्य के ऊपर लाखों में हैं।

सर्वाधिक जुर्माने के मामले में दूसरे नंबर पर है नगरीय प्रशासन और विकास विभाग। इस विभाग के जन सूचना अधिकारियों के ऊपर 251 मामलों में 32 लाख 6 हजार रूपये का जुर्माना हुआ मगर वसूली 11 प्रकरणों में 10 लाख 64 हजार रूपये की हुई। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग 25 लाख, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग पर 20 लाख, स्कूल शिक्षा विभाग पर 13 लाख और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ऊपर 11 लाख रूपये से भी अधिक का जुर्माना लगाया गया है, मगर वसूली, रकम की एक चौथाई भी नहीं हुई है।

---

## नेतृत्व को लेकर कांग्रेस में मची घमासान



» **भूपेश बोले- किसी घोषणा के लिए अधिकृत नहीं है महंत**

» **इधर बाबा ने बताई सच्चाई**

**रायपुर,05 फरवरी 2025(ए)।** पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं के बीच अपनी ही पार्टी में नेतृत्व को लेकर जुबानी जंग तेज हो गई है। शुरुआत नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से हुई। उन्होंने अंबिकापुर में कहा था कि अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और हम प्रदेश में सरकार बनाएंगे। हालांकि महंत बाद में अपने इस बयान से पलट गए और कहा कि मैंने तो ऐसा नहीं कहा है। मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश करना चाहते हैं। इस पर प्रदेश में सियासत गर्म हो गई है।

दरअसल अंबिकापुर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने मंच से और पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अगला चुनाव टीएस सिंहदेव की अगुवाई में लड़ेंगे। प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया और महंत के बयान के बहाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने कहा कि महंत का यह बयान कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता-संघर्ष और गुटीय घमासान का ही परिचायक है। कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार केंद्रित है। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को एटीएम बनाकर यूज एंड थ्रो किया। कांग्रेस के डीएनए से भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा।

### भूपेश ने किया पलटवार

इस मुद्दे को लेकर जब बीजेपी ने घेरा तो पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मीडिया के सामने आना पड़ा। भूपेश बघेल ने कहा कि चरणदास महंत किसी घोषणा के लिए अधिकृत नहीं हैं। यह हाईकामन करता है। वे वरिष्ठ नेता हैं, दिल्ली में उनकी मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी और वरिष्ठ नेताओं से होती रहती है। ऐसी कोई बात हुई होगी तो जानकारी नहीं है। लेकिन ऐसी घोषणा पार्टी हाईकमान से ही होती है।

### टीएस बोले...इस पर विराम लगे

महंत के बयान को लेकर कांग्रेस में सियासी बयानबाजी को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि महंत जी के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। ऐसे निर्णय पार्टी हाईकमान से आते हैं। उन्होंने जो भी कहा होगा, लोकल स्तर को लेकर कहा होगा। इसपर यहीं विराम लगाना चाहिए, अन्यथा ये बातें दूषित नजरिए से देखें जाएंगी।

## बागियों पर कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई



### दर्जन भर से ज्यादा नेताओं को किया निष्कासित

**बिलासपुर,05 फरवरी 2025(ए)।** नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस ने अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर बिलासपुर नगर निगम चुनाव 2025 में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध निर्दलीय (बागी) प्रत्याशियों के रूप में पार्षद चुनाव लड़ने वाले 14 कांग्रेसियों पर 6 साल के लिए निष्कासन की कार्यवाही की गई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 40 वार्डों में बिलासपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव में निर्दलिय (बागी) प्रत्याशी की सूची जिन पर निष्कासन की कार्यवाही की गई नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने वाले इन नेताओं पर शहर कांग्रेस कमेटी ने कड़ी कार्रवाई की। सभी निष्कासित नेता नगर निगम के विभिन्न वार्डों से बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में थे।

## ट्रैक्टर हादसे में 3 की मौत



**धमतरी,05 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि एक घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। यह घटना कुरुद थाना क्षेत्र के कॉलेज मोड़ के पास घटी है. घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)